शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 58 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 24 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

जदयू एमएलए और पूर्व मंत्री बीमा भारती का इस्तीफा

पटना

पूर्णिया के रुपौली से जनता दल यूनाइटेड की विधायक और राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री रह चुकीं बीमा भारती ने जदयू की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के पास पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए पहुंच चुकी हैं। पूर्णिया लोकसभा सीट पर पप्पू यादव कांग्रेस की ओर से पहले ही दावेदारी की तैयारी में हैं। अब महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में राजद जा रहीं बीमा भारती भी इसी इच्छा के साथ लालू आवास पहुंची हैं।

पति और बेटे के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप

बता दें कि पूर्णिया के रूपौली विधायक से बीमा भारती ने जदयू के टिकट पर चुनाव जीता था। पांच बार विधायक और दो बार मंत्री रह चुकीं बीमा भारती ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मंत्री पद पद की मांग की थी। लेकिन, मंत्री पद नहीं मिलने से वह नाराज हो गईं। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि जदयू के स्थानीय नेताओं के कारण उनकी बेटी रानी भारती को जिला परिषद अध्यक्ष पद हार गई थी। इधर, फ्लोर टेस्ट से पहले बीमा भारती जदयू की विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुई। फ्लोर टेस्ट के दिन बीमा भारती के पति और बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद वह सदन पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पति, बेटा और समर्थकों के खिलाफ साजिश रची जा रही है।

पशुपति पारस गुट के 21 नेता भाजपा में शामिल हुए

नवादा

भाजपा में दूसरे दलों के नेता व कार्यकर्ताओं का शामिल होने का सिलासिला जारी है। फिर से एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के नारों के बीच जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के आवास पर सदस्यता अभियान के तहत ज़िले के रालोजपा पार्टी के 21 नेता एवं कार्यकताओं ने विधिवत रूप से शनिवार को ज़िलाध्यक्ष अनिल मेहता की उपस्थिति में भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान सदस्यता अभियान के जिला सह संजोजक विश्वास सिंह बिशु, युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा, ज़िला प्रवक्ता कुंदन कुमार प्रभाकर, कार्यालय प्रभारी मुकेश कुमार, कमल क्लब ज़िला संयोजक अजय वर्मा, मंडल अध्यक्ष नवादा पश्चिमी हार्सिकेस कुमार आदि उपस्थित रहे।

केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका

गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। सीएम ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी, जिसके लिए उन्होंने 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार (27 मार्च) के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने शनिवार को ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी।

28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर सीएम

ईडी ने अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें शुक्रवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने छह दिन की रिमांड दी। अब सीएम केजरीवाल 28 मार्च तक ईडी की रिमांड में रहेंगे। सुनवाई में ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल जबकि केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी शामिल हुए। केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे दोबारा पेश करने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि पूछताछ की पूरी कार्यवाही कैमरे में रिकार्ड की जाएगी।

पत्नी सुनीता केजरीवाल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिए जाने के बाद सुनीता केजरीवाल पहली बार प्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जनता के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि गिरफ्तारी हमें आश्चर्य में नही डाल रही है। मुझे भले गिरफ्तार कर लिया गया है। मैं जेल में रहूं या बाहर रहूं। आप लोगों के लिए काम करता रहूंगा। सीएम केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से कहा है कि वे एक बार मंदिर जाना और मेरे लिए दुआएं मांगना।

जल्द खत्म नहीं होगी केजरीवाल की मुश्किलें, सीबीआई ले सकती है रिमांड पर

नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें अभी जल्द खत्म नहीं होगी, बल्कि बढ़ ही सकती हैं क्योंकि ईडी की रिमांड की अवधि खत्म होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो भी अपने केस में उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती है। ईडी पैसों के ट्रेल जानने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामले की जांच कर रही है। एक बार जब ईडी की रिमांड खत्म हो जाएगी तो सीबीआई केजरीवाल को रिमांड पर लेने के लिए अदालत का रुख कर सकती है क्योंकि वह भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत उस अपराध की जांच कर रही है, जिसमें उसने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और अन्य को गिरफ्तार किया है। सिसोदिया के साथ भी यही किया गया था। दोनों एजेंसियों ने उन्हें काफी दिनों तक रिमांड पर लेकर अलग-अलग पूछताछ की थी। बीते सोमवार को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट को यह बताया भी था कि आबकारी नीति घोटाला मामले में कुछ और "हाई प्रोफाइल लोगों की गिरफ्तारियां" हो सकती हैं।

दोषियों को मिले सजा: अन्ना हजारे

मुंबई

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले 'जन लोकपाल आंदोलन' का हिस्सा रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को विडंबनापूर्ण बताया है। उन्होंने इस मामले की गहन जांच और दोषियों को सजा देने की मांग भी की है।

अन्ना हजारे ने क्या कुछ कहा?

अन्ना हजारे ने एक बयान में केजरीवाल पर करोड़ों देशवासियों के विश्वास को धोखा देने का आरोप लगाया है और अफसोस जताया है कि उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को नष्ट कर दिया। अन्ना ने कहा, मैं दिल्ली सरकार की शराब नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से बहुत दुखी हूं। यह विडंबना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जन लोकपाल आंदोलन' के मेरे सहयोगी को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि पिछले दशक की शुरूआत में 'जन लोकपाल' की मांग एक जन आंदोलन बन गई थी, जिसने उस समय की कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार को हिलाकर रख दिया था। अन्ना हजारे, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आंदोलन के प्रमुख चेहरे बनकर उभरे थे। बाद में केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (अअढ) बनाई और सिसोदिया के साथ चुनाव जीते। हालांकि, आंदोलन के राजनीतिक रूप लेने के बाद हजारे ने खुद को इससे अलग कर लिया था।

नौसेना ने मुंबई पुलिस को सौंपे समर्पण करने वाले 35 सोमालियाई समुद्री डाकू

नई दिल्ली

अरब सागर में 16 मार्च को भारतीय नौसेना के सामने समर्पण करने वाले 35 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। इनके कब्जे से छुड़ाए गए चालक दल के 16 सदस्य भी शनिवार को मुंबई लाये गए हैं। इन समुद्री डाकुओं ने पिछले साल दिसंबर में माल्टा के व्यापारिक जहाज एमवी रुएन को चालक दल समेत अपहृत करके रखा था। पिछले हफ्ते नौसेना ने जब इन लुटेरों को घेरा तो इन समुद्री डाकुओं ने ड्रोन को मार गिराया और नौसेना के युद्धपोत पर गोलीबारी भी की लेकिन 40 घंटे से अधिक समय तक चले ऑपरेशन के दौरान भारतीय कमांडो के सामने सरेंडर करना पड़ा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार के अनुसार समुद्री सुरक्षा अभियानों के तहत भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में व्यापक निगरानी कर रही है, जिसमें यातायात की निगरानी भी शामिल है। इसके बावजूद अरब सागर से गुजर रहे माल्टा के व्यापारिक जहाज एमवी रुएन का सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने पिछले साल 14 दिसंबर को 35 सदस्यीय चालक दल समेत अपहरण कर लिया था।

सीएए किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली

एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में देश के समृद्ध इतिहास को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को जोर देकर कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिक के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। ' सभा को संबोधित करते हुए धनखड़ ने हमारे संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सुखद प्रभाव को महसूस करने में कुछ वर्गों की विफलता पर अपना दर्द व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और सुखद प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर दिया। मीडिया के राजनीतिकरण के प्रति आगाह करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, मीडिया एक पंजीकृत मान्यता प्राप्त या गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल नहीं हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि मीडिया को सभी सावधानियां बरतनी चाहिए।

अगर मेरे बेटे राजनीति में आना चाहते हैं तो दीवार पर खुद चिपकाएं पोस्टर: गडकरी

नागपुर

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। तमाम पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा भी शुरू कर दी है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मैं यह चुनाव पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीतूंगा। आप सभी ने मुझे प्यार दिया है। आज जो कुछ भी मैं देश के लिए कुछ कर पाया हूं वो सब आपके प्यार और समर्थन की वजह से हुआ है।

'मेरा वादा नागपुर को बनाऊंगा दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर'

नागपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि मेरे पास जो कुछ भी है इसका श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता को जाता है।

मैं नागपुर को कभी नहीं भूला हूं और न कभी भूलूंगा। पिछले 10 वर्षों में मैंने नागपुर में एक लाख करोड़ रुपये के विकास कार्य किए हैं।

यह तो सिर्फ एक झलक है, असली फिल्म तो अभी शुरू होनी बाकी है। चुनावी सभा में नितिन गडकरी ने नागपुरवासियों से वादा किया।

उन्होंने कहा कि मैं आप सभी क्षेत्रवासियों से वादा करता हूं कि मैं नागपुर को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहरों में ले आऊंगा।

मेरा कोई भी बेटा राजनीति में नहीं है- नितिन गडकरी

नागपुर में चुनावी संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने परिवारवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मेरा कोई भी बेटा राजनीति में नहीं है। मैंने अपने बेटों को साफतौर पर कहा कि अगर वो मेरी तरह राजनीतिक में आना चाहते हैं तो पहले दीवारों पर कार्यकर्ताओं की तरह पोस्टर चिपकाएं और जमीनी स्तर पर काम करें। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक विरासत पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हक है।

कमर दर्द के कारण बदली कुर्सी तो सोशल मीडिया पर हुआ ट्रोल: सीजेआई चंद्रचूड़

बंगलुरू

कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित 'भविष्यवादी न्यायपालिका के लिए समानता और उत्कृष्टता' शीर्षक से न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने असुविधा के कारण सुनवाई के दौरान अपने बैठने की स्थिति को बदलने के बाद ट्रोलिंग का सामना करने की एक हालिया घटना को याद किया।

'तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण' कार्य-जीवन संतुलन और तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है,

खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। न्यायिक अधिकारियों के रूप में वे नियमित रूप से कमजोर वादियों से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में आने वाले बहुत से लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं।

आयकर और ईडी ने आप विधायक गुलाब सिंह के ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली

दिल्ली के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह के गांव घुम्मनहेड़ा में उनके ठिकानों पर आयकर विभाग और ईडी ने छापेमारी की है। परिवार के किसी भी व्यक्ति को घर और आवास पर अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। आज दोपहर बाद नोटों की गिनती करने की मशीन लेकर एक व्यक्ति विधायक के आवास व कार्यालय परिसर में दाखिल हुआ। विधायक गुलाब सिंह के आवास और कार्यालय पर आयकर विभाग की छापेमारी की भनक लोगों को सुबह लगी जबकि शुक्रवार की रात करीब दस बजे आयकर विभाग की टीम ने डेरा डाल दिया था।

दोनों भाई की हत्या के पीछे तंत्र-मंत्र! जियारत पर जाता था साजिद

बदायूं

बदायूं की बाबा कॉलोनी में आयुष (13) और अहान (06) की हत्या के मामले में लगातार पुलिस छानबीन कर रही है लेकिन चार दिन की तफ्तीश कोई ठोस कारण निकलकर सामने नहीं आया है। दूसरे हत्यारोपी जावेद ने कुछ ऐसी बातें बताई हैं, जिससे यह माना जा रहा है कि इस निर्मम हत्याकांड की वजह तंत्र क्रिया भी हो सकती है। हालांकि पुलिस अभी कई एंगल पर छानबीन कर रही है। वारदात स्थल के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और तमाम लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। पुलिस की अब तक छानबीन में नामजद दोनों हत्यारोपियों के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकलवाई है। उसमें अभी कोई ऐसा नंबर निकलकर सामने नहीं आया, जिससे पुलिस को कुछ लीड मिल सके। शुरूआती दौर में पुलिस ने जेहाद के एंगल पर भी मामले की छानबीन की लेकिन अभी इस पर कोई साक्ष्य नहीं मिल रहा है। कॉल डिटेल में भी कोई ऐसा नंबर निकलकर सामने नहीं आया है, जिससे पता लगाया जा सके कि साजिद और जावेद लगातार उसके संपर्क में थे।

जावेद के आत्मसमर्पण करने के बाद उससे गहनता से पूछताछ की गई थी। उसने ही बताया था कि साजिद मानसिक रूप से बीमार था। बचपन में पिता उसको लेकर बड़ी ज़ियारत में रहे थे। तब वह कुछ ठीक हो गया था लेकिन उसने बड़ी ज़ियारत, छोटी ज़ियारत और खेड़ा नवादा वाली ज़ियारत जाना नहीं छोड़ा था। वह पांच जनवरी को खेड़ा नवादा में सागर ताल वाली ज़ियारत पर गया था। जावेद ने बताया था कि साजिद अपने मुंह से ब्लेड निकालता था और आंखों से सुईयां निकालता था। हालांकि पुलिस इसको सही नहीं मान रही है लेकिन इसको तंत्र-मंत्र से भी जोड़ा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस दोहरे हत्याकांड की वजह तंत्र-मंत्र भी हो सकती है। इसकी छानबीन के लिए पुलिस पता कर रही है कि वह कहां-कहां जाता था, किस-किस से मिलता था और क्या करता था। इस मामले की लगातार छानबीन कराई जा रही है। दोनों हत्यारोपियों की कॉल डिटेल खंगाली गई लेकिन अभी उसमें कोई ऐसा मोबाइल नंबर नहीं मिला है और न ही किसी से लगातार बात हुई है। जैसा कि जावेद ने बताया था कि साजिद मानसिक रूप से बीमार था।

उसने यह भी बताया था कि वह कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में था, जो तंत्र क्रिया आदि करते थे। इससे यह भी माना जा रहा है कि इस हत्याकांड की वजह तंत्र मंत्र भी हो सकता है। अब सभी पहलुओं पर छानबीन के बाद ही कोई नतीजा निकलेगा। - **आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी**

जागरूकता ही जीवन को बना सकती है खुशहाल : डॉ अभिषेक सिंह

प्रायोजक कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से आयोजक संजीवनी ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा ग्राम गोइसरा, शंकरगढ़ में आयोजित महिलाओं /किशोरियों के स्वास्थ्य पोषण तथा माहवारी स्वच्छता हेतु निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। प्रत्येक बेटियों एवं महिलाएं माहवारी के समय में स्वच्छता का ध्यान रखना जीवन की असली सफलता हैं सफलता ही समृद्धि का मार्ग खोलता हैं मुख्य अतिथि सीएचसी शंकरगढ़ अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने प्रायोजक कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से आयोजक संजीवनी ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा ग्राम गोइसरा, शंकरगढ़ में आयोजित महिलाओं /किशोरियों के स्वास्थ्य पोषण तथा माहवारी स्वच्छता हेतु निशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम में कहीं डॉ सिंह ने कहा स्वच्छता ही संक्रमणों से बचाती है,बल्कि महिलाओं को भी सुरक्षित और स्वस्थ रखने में मदद करती है।जिस भी बेटियों और महिला को बीमारी हैं उन्हें संकोच व शर्म छोड़कर डॉक्टर से सीधे बात करेगी तो समय से इलाज होने से जीवन स्वस्थ रहेगा। संजीवनी एमडी उदित नारायण शुक्ला ने कहा माहवारी के समय में सही हाइजीन प्रैक्टिस करना जरूरी है। सही सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करना, साफ-सुथरे कपड़े पहनना और सही तरीके से हाथ धोना आदि सही हाइजीन प्रैक्टिस हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान रमा देवी, वीरेंद्र पाण्डेय, होरी लाल केसरवानी, जादूगर अभिषेक, ध्रुव तिवारी, चंद्रावती केसरवानी, रागनी शुक्ला, रोशनी शुक्ला, राजेश कुमार, दिलीप तिवारी, पत्रकार पीसी पांडेय, डॉ निष्ठा सिंह, डॉ शिवानी पांडेय, डॉ मुकेश, डॉ आदित्य शिकालीगर,डॉ मुकेश गोठवार आदि उपस्थित रहें।इससे पहले जादूगर अभिषेक ने जादू दिखाकर मन को मोहित किया, लगभग 150 बेटियों और महिलाओं ने डाक्टर को दिखाया और दवा लिया लगभग 350 निशुल्क सेनेटरी पैड दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्त्ता दिनेश तिवारी ने किया।

करछना राजमार्ग पर जाम में घंटों फसी रहती हैं मरीजों को लेकर एम्बुलेंस : नेहा सिंह

करछना। विधानसभा करछना के मुख्य राजमार्ग करछना कोहडार मार्ग एवं प्रयागराज मिजार्पुर हाईवे पर प्रति दिन गुजरने वाले वाहन घंटों जाम की समस्या से छुटकारा मिलने का नाम नहीं ले रहा है, यहां तक कि गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को ले जाने वाले वाहनों एवं एम्बुलेंस तक जाम फंसे रहते हैं इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया जाता है तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे, उक्त बातें आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने पार्टी कार्यालय करछना में आयोजित शनिवार को एक बैठक में कही उन्होंने बैठक में स्थानीय प्रशासन द्वारा बड़े वाहनों का टोल टैक्स बचाने के लिए मिजार्पुर हाईवे पर चलने वाले वाहनों को रामपुर से पचदेवरा फ्लाईओवर से पास कराने का आरोप लगाया उन्होंने बताया कि करछना तहसील मुख्यालय पर दर्जन भर से अधिक सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं तहसील थाना ब्लॉक विद्युत सब स्टेशन अस्पताल बैंक सहकारी समितियां बीज गोदान जल निगम अधिकारियों में कार्य करने वाले आने वाले लोग घंटों जाम की स्थिति में फंसे रहते हैं साथ ही गंभीर मरीजों को शहर अस्पताल ले जाने वाले वाहन एंबुलेंस भी घंटो जाम के शिकार होते हैं उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जाम की समस्या में स्थानीय प्रशासन बड़े वाहनों को मुख्य बाजार से डायवर्जन कर दूसरे मार्ग से निकालने का प्रयास करें जिससे बाजार की जाम की समस्या समाप्त हो सके ऐसा न होने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रशासन के विरुद्ध सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे बैठक में प्रमुख रूप से गायत्री देवी, पूनम यादव , मनोहर सिंह पटेल ,डा-बलवन्त सिंह, अजय आदि आप कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमकर खेलें होली केमिकल युक्त रंगों से करें परहेज

सहसों। परोपकार सेवा संगठन के तत्वावधान में शनिवार को सहसों कार्यालय पर स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें होली पर होने वाले केमिकल युक्त रंगों के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के पाल ने बताया कि होली हम सबका बहुत ही महान पर्व है। प्रेम, सौहार्द, भाईचारा के साथ हम सबको मिलजुल कर हर्बल युक्त अबीर, गुलाल से होली खेलते हुए केमिकल युक्त रंगों से परहेज करना चाहिए। क्योंकि केमिकल युक्त हरा रंग हमारी त्वचा को प्रभावित कर सकता है इससे त्वचा संबंधी अनेकों प्रकार की परेशानी तथा आंखों में पड़ जाने से रोशनी भी जा सकती है। इसलिए रसायन युक्त रंगों से बचना बचकर होली खेलें। हो सके तो नारियल का तेल लगाकर ही होली खेलें इससे आपकी त्वचा पर केमिकल युक्त रंग का असर कम पड़ता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष समाज सेवी चंद्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि होली का पर्व हम सभी को हर्ष के साथ मनाना चाहिए लेकिन साथ ही ध्यान रहे कि हम केमिकल युक्त रंगों का उपयोग न करें। क्योंकि त्वचा पर दुष्प्रभावी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संगोष्ठी में सभी को हर्बल रंगों एवं अबीर गुलाल से होली खेलने का आग्रह करते हुए जागरूक किया गया। संचालन अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह ने किया। प्रमुख रूप से कुंवर मौर्या, हिमांशु सिंह, विपिन केसरवानी, सनी कुमार वर्मा, प्रवीण गुप्ता, अभिषेक केशरवानी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

एनुअल फंक्शन में जेनिथ के बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

जेनिथ मॉडल स्कूल पगुआर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

शंकरगढ़। जेनिथ मॉडल स्कूल पगुआर, रानीगंज, शंकरगढ़ का दूसरा वार्षिकोत्सव पूरे उत्साह व सांस्कृतिक का?क्रमों के बीच मनाया गया। समारोह के चीफ गेस्ट खंड विकास अधिकारी रामविलास राय रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ शिव औतार, डीएमओ दीवान सिंह पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बच्चों को अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित किया। वार्षिकोत्सव की शुरूआत मां सरस्वती की आराधना और सावित्री बाई फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने विविध प्रकार के गीत-संगीत और नाटक प्रस्तुत कर लोगों को अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। बीडीओ रामविलास राय ने बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा की तारीफ करते हुए शिक्षकों की भी तारीफ की। कहा, बच्चों की तालीम में शिक्षक काफी मेहनत कर रहे हैं। प्रबंधक समरजीत सिंह ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। जबकि प्रिंसिपल प्रियंकला सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य समरजीत सिंह ने की।

कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य बीएल सिंह,शिक्षक ब्रिजेश सिंह,मनीष सिंह,सेक्रेटरी अतुल रंजन,प्रधान शैलेंद्र सिंह उर्फ बबली, कौशलेंद्र सिंह, सुनील सिंह, वंदना सिंह, मुकेश सिंह, विनय सिंह, सोनू सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, रूपेश सिंह, विनोद सिंह, गुलाब सिंह, रितिक केशरवानी, सुधा सिंह, जाह्नवी, स्वाती, सीमा, अंकिता, नीतू, वंदना, दिव्या हर्षिका, रिचा, धीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

विकास खण्ड जसरा में बीडीओ के नेतृत्व जमकर लगाये गये अबीर गुलाल

जसरा। विकास खंड कार्यालय जसरा में खंड विकास अधिकारी जसरा अनीस अहमद के नेतृत्व में जमकर गुलाल व अबीर लगाए गये तथा एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी गई। शनिवार को विकास खंड जसरा में होली के अवसर पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल व अबीर लगाए। इस अवसर पर बीडीओ जसरा ने कहा कि होली का पर्व आपसी सामंजस्य का पर्व होता है। जिसमें लोग पिछली गलतियों व कटु बातों को भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भेदभाव को मिटाते हैं व समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में विकास के नए-नए कार्यक्रम का सृजन करते हैं। इस अवसर पर एडीओ विज्ञान प्रभाकर शुक्ला, राकेश सिंह, राजेश शर्मा ,आनंद श्रीवास्तव , ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गौड़,मनोज प्रजापति, रामलाल यादव ,नितेश पाल ,नीलकमल ,बृजेश सोनकर, दारा सिंह पटेल प्रधान चितौरी ,बृजेश सोनकर आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार शंकर लाल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने एक दूसरों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे सभी होली पर्व को भेदभाव व जात-पात से ऊपर उठकर मनाएं। इसी प्रकार जिला सहकारी बैंक लिमिटेड जसरा में भी होली के अवसर पर जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में होली मनाई गई। जिसमें सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने एक दूसरों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विश्वम्भर सिंह, सचिव रामजी पाल, ज्ञानेन्द्र पाठक,विजय राज यादव, विजय लाल निषाद आदि रहे।

शंकर लाल पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं व अध्यापकों ने एक दूसरों लगाया अबीर गुलाल

मां गायत्री शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज प्रतापपुर में बच्चों ने खेला होली

प्रतापपुर। मां गायत्री शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज प्रतापपुर में शनिवार को सर्वप्रथम प्रधानाचार्य मनोज सिंह मां सरस्वती के चरणों में अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात समस्त अध्यापक एवं छात्र, छात्राओं ने मां सरस्वती के चरणों मे एवं गुरुजनों को अबीर गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्र, छात्राओं ने अपने सहपाठियों को आपस में अबीर गुलाल लगाकर होली खेला। छात्र, छात्राओं ने होली गीत गाया प्रधानाचार्य ने होली के विषय में विस्तार से चर्चा किया तत्पश्चात मिष्ठान वितरण के बाद वंदेमातरम गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, अनिल यादव, नीतू पांडेय, श्रीनाथ द्विवेदी, उदयभान यादव, अनूप पांडेय, कुंवर क्षितिज प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार, शिवा कुमार, सौरभ यादव सहित सभी शिक्षक एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहें।

5 ली0 अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार

माण्डा- प्रयागराज। मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखधंधा करने वालों को मुखबिर की सूचना पर एसआई रमेश कुमार सिंह, विजय बहादुर यादव व योगेन्द्र नाथ उपाध्याय मांडा पुलिस टीम के साथ पानी टंकी पियरी से शुक्रवार को सूर्य बली पुत्र अनंतू निवासी ग्राम कूदर के कब्जे 15 ली0 अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आबाकारी अधिनियम की कार्यवाई कर न्यायालय भेज दिया गया । इसी क्रम में दिघिया चौकी प्रभारी बाबू राम व एसआई सन्नेश बाबू गौतम, विवेक यादव ने पुलिस टीम के सहयोग से 22 मार्च को नरवर चौकठा घाट जाने वाले मोड़ से दिघिया गांव राजा सोनकर पुत्र स्व मेवा लाल के कब्जे से दस लीटर अवैध देशी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया है। अवैध कारोबारियों की चर्चा क्षेत्र में फैली हुई है। वही दो दिन पहले इन्ही के परिवार के खिलाफ अवैध कच्ची शराब पकड़ा गया था।

श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए देवबरा निवासी

जंघई। देवबरा, पिपरी में मुख्य यजमान डॉ रविंद्र नाथ पांडेय, प्रेमा देवी पांडेय द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह में छठवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक राघवेंद्राचार्य महाराज ने संगीतमयी कथा को आगे बढ़ाते हुए उधव चरित्र, महारास लीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट किया भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की मनोकामना को पूर्ण करने का वचन दिया अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया।श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग से कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि महाराज भीष्म अपनी पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से करना चाहते थे, परन्तु उनका पुत्र रुक्मणी राजी नहीं था वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था रुक्मिणी इसके लिए राजी नहीं थीं। विवाह की रस्म के अनुसार जब रुक्मिणी माता पूजन के लिए आईं तब श्रीकृष्णजी उन्हें अपने रथ में बिठा कर ले गए तत्पश्चात रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ हुआ ऐसी लीला भगवान के सिवाय दुनिया में कोई नहीं कर सकता। कथा व्यास ने बताया कि भागवत महापुराण में प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। इस दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी की आकर्षक झांकी बनाई गई जिनके दर्शन करके भक्तजन भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर परिजनों में डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ अनुज कुमार पांडेय, विदित पांडेय, वेदांश पांडेय, धान्वी पांडेय एवं कथा श्रोताओं में श्रीनाथ पांडेय, विजयमणि पांडेय, सभाजीत उपाध्याय, लल्लन पांडेय, जोखन उपाध्याय, राधेमोहन पांडेय, विकास पांडेय, कमलेश पांडेय, महेंद्र उपाध्याय, देवेंद्र उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, लालमणि पांडेय, विवेकानंद उपाध्याय, आदित्यनाथ पांडेय, सुरेंद्र उपाध्याय, राम शिरोमणि उपाध्याय एवं आचार्य रविराज महाराज, शैलेश पंडित, मनीष शास्त्री, संदीप सुहाना, अजय सुहाना, छोटू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

ब्लाक कर्मी व प्रधानों ने बाजे की धून पर थिरके जमकर खेली होली

करछना। शनिवार को ऑफिस बंद कर घर जाने के लिए तैयार विकास खंड करछना के सैकड़ो कर्मचारी ने लाल गुलाल से होली खेलकर 2 दिन की छुट्टी पर अपने गांव घरों में होली मनाने के लिए गए शनिवार को आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बबीता गुप्ता एवं कोऑपरेटिव एडीओ सोनल शुक्ला ,ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह महामंत्री धीतेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों एवं प्रधान संघ के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने अपने घर को रवाना हुए इस मौके पर शामिल रहे अवतार किशन सिंह एडवोकेट, धीतेश तिवारी, ब्रजेश द्विवेदी, सोनू सिन्हा, उदयभान, मिथिलेश कुमार पटेल, कमल सिंह, आशीष सिंह, दीपेश सिंह, मनीष सिंह,राम शिरोमणि तिवारी,राम चंद्र गुप्ता, महेंद्र कुमार यादव रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष,राम सकल मनीष शुक्ला, दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा, अक्षत सिंह, ओमप्रकाश, सुनील कुमार,लाल बहादुर, सचिन कुमार रोजगार सेवक, सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी शामिल रहे।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दिए सुंदर सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुति

सहसों। विकास इंटर कालेज, सहसों का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा गणेश वंदना, स्वागत गीत, ग्रुप डांस, इंग्लिश स्पीच, होली गीत, टीचर्स ड्रामा आदि सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के द्वारा लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि निर्देशक स्कूल ऑफ साइंस राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रोफेसर मीरा पाल ने कहा कि अध्ययन के समय बच्चों को अपने पाठ्यक्रम पर ध्यान देना चाहिए। तभी वह अच्छी शिक्षा ग्रहण कर देश व समाज की सेवा कर पाएंगे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर राजमणि पाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। विद्यालय के प्रबंधक जगन्नाथ पाल ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम और स्मृतिचिह्न भेंटकर उनका आभार प्रकट किया। संचालन अमित यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के छात्रों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, पूर्व प्रधान कलेक्टर शुक्ला, विनोद मिश्रा, धर्मेंद्र कुशवाहा, वीणा मिश्रा, कलेक्टर शुक्ला, राजेंद्र प्रताप सिंह, साबिर सिद्दीकी, शुभम सिंह, आरती तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

आपसी भाईचारा के साथ मनाए त्यौहारः एसीपी मेजा

मांडा। शान्ति समिति की बैठक थाना मांडा अन्तर्गत भारतगंज पुलिस चौकी पर शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मेजा एसीपी रवि कुमार गुप्ता ने किया। और कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पराम्परागत एवं शान्ति ढंग से त्योहारों को मनाए ।तथा रंग मे भंग डालने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। वही बैठक का संचालन करते हुए मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने भी शांतिपूर्वक एवं भाईचारा के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की। चौकी प्रभारी विनय सिंह ने पीस कमेटी के सदस्यों तथा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया ।उक्त बैठक के मे विद्युत विभाग के कर्मचारी नदारद रहे। जो पीस कमेटी के सदस्यों मे चर्चा का विषय बना रहा। उक्त दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि आमिर टंकी। पूर्व सभासद राजन केशरी,जितेन्द्र केशरी, चमन राईन, श्याम जी,नितेश आदि मौजूद रहे। उधर पीस कमेटी के बैठक के पूर्व भारतगंज कस्बे में पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पैदल गश्त किया।

विश्राम दिवस पर भगवान राम के राजतिलक से कथा का हुआ समापन

सहसों। क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव में श्री रघुनाथ गाथा के विश्राम दिवस पर कथा व्यास जिज्ञासु जी महाराज ने उपस्थित कथा रसिक श्रोता अनुरागियों को सुंदरकांड, श्री राम सेतु प्रसंग, श्री राम राज्याभिषेक व आदि सुंदर प्रसंग में मयार्दा पुरुषोत्तम द्वारा कोल भीलों को दर्शन, मामा मारीच का उद्धार, सीता हरण, गिद्धराज भक्त जटायू का उद्धार, नवधा भक्ति के साथ सेबरी का उद्धार, भगवान राम व सुग्रीव मित्रता, हनुमान द्वारा लंका दहन, रावण का कुल सहित राक्षसों का सर्वनाश एवं भाई भरत तथा भक्त हनुमान को अनन्य भक्ति के साथ भगवान राम का राजतिलक का सुंदर प्रसंग श्रवण कराते कथा का समापन किया। कथा के दौरान भगवान राम के राजतिलक के अवसर पर कथा पंडाल में आयोजक तथा यजमान सहित श्रोता नर नारियों द्वारा जमकर फूलों की होली खेली गई। पूरा कथा पंडाल राम मय होते हुए उपस्थित श्रद्धालु श्रोता भक्तों ने कथा सुनकर भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने विश्राम दिवस पर सभी श्रोताओं से जाते-जाते संदेश देते हुए कहा कि यह भगवान राम की धरती है हम सब राम के वंशज हैं हमें जो कुछ कहना है हम भगवान राम से कहेंगे, भगवान शंकर से कहेंगे, हनुमान जी से कहेंगे, मां दुर्गा जी से अरदास करेंगे वही हमारे सारे दुःखों को दूर करेंगें। कथा व्यास ने सभी को व्यास पीठ से अपना आशीर्वाद प्रदान किया। कथा विश्राम पर आयोजक चन्द्रभान सिंह, मुख्य यजमान अवधराजी देवी तथा आदि श्रोताओं ने व्यास पीठ, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान सहित आदि आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। प्रमुख रूप से विपिन सिंह, रतन सिंह, बृजभान सिंह, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, गुलाब तिवारी, संदीप दुबे, लाल तिवारी, तेज प्रताप सिंह, ठाकुर राजकुमार परिहार, वीरू पांडे सहित भारी संख्या में श्रोता भक्त कथा श्रवण करते उपस्थित रहे।

चौरासी लाख योनियों में मानव जीवन को ही भागवत कथा श्रवण का अधिकार : सूर्य नारायण महाराज

मेजा। मेजा के भइयां गांव में श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सूरत (गुजरात)के पीठाधीश्वर जगतगुरु सूर्य नारायण महाराज भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि श्री मद्भागवत कथा सुनने का एक मात्र अधिकारी चौरासी लाख योनियों में केवल मनुष्य जीवन ही है। परमहंस महराज गोपाल मणी दास द्वारा स्थापित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर की महत्ता को बताते हुए कहा कि तीन सौ दो वर्षों तक जिस स्थल पर महराज द्वारा साधना की गई हो वह स्थान बृज मंडल की तरह पवित्र है ।इस ग्राम की पवित्रता बनाए रखना समस्त ग्रामीणों का पु नीत धर्म है। ब्यासपीठ पर आसीन कथावाचक ब्रह्मानंद महाराज ने पांचवें दिन की कथा में पूर्ण ब्रह्म परमात्मा कृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। परमात्मा एवं जीवात्मा के संबंध को विस्तार से बताया एवं प्रकृति व पुरुष की ब्रह्माण्ड में उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला ।इस कथा यज्ञ स्थल के मौके पर तौलन प्रसाद, राजेश कुमार, राजकुमार, कमलेश प्रसाद,कौशलेश कुमार,आद्या प्रसाद, आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

पूर्व प्राचार्य पंडित रामशिरोमणि शुक्ल का निधन, क्षेत्र शोकाकुल

जंघई। सेवना, हरीपुर मर्रो गांव निवासी पूर्व प्राचार्य पंडित रामशिरोमणि शुक्ल का निधन हो गया, उनके निधन से परिजनों एवं ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों में शोक का माहौल है समस्त लोगों ने पूर्व प्राचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। परिजनों में राजेंद्र प्रसाद शुक्ल कल्लू नेता, काशीनाथ शुक्ल, अशोक कुमार शुक्ल, अवधेश कुमार शुक्ल एडवोकेट, विनय शुक्ल, राजेश शुक्ल एडवोकेट, मनीष शुक्ल, दुर्गेश शुक्ल विश्व हिन्दू परिषद जिला धर्म प्रसार प्रमुख प्रयागराज, अनमोल सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

परंपरागत, पूरे हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं होली : सुचिता सिंह

मांडा। सतकृत शिक्षण संस्थान कोचिंग संचालिका सुचिता सिंह ने कहा कि होलिका दहन और होली के त्यौहार को परंपरागत, पूरे हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे होली का त्योहार आपसी भाईचारा का पर्व है, सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व को मनाएं। सभी त्यौहार धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए त्यौहार आपसी भाई चारे के साथ मनाया जाए। होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान करिए और आगामी त्योहारों की सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण कराने हेतु सम्पर्पित भावना के साथ अपने दायित्यों का निर्वहन करें।

मुंबई का डॉन बताकर शोध छात्र को धमकी

प्रयागराज। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के पूर्व छात्र डॉ. तौफीक को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है। आरोप है कि प्रतापगढ़ में खानापट्टी लालगंज के रहने वाले मो. कैफ ने डॉ. तौफीक को फोन कर गाली दी। विरोध करने पर उसने धमकी दी कि मैं मुंबई का बहुत बड़ा डॉन हूं। तुमको प्रयागराज में मरवाकर फेंक दूंगा। किसी को पता भी नहीं चलेगा।डॉ. तौफीक एमएनएनआईटी से शोध कार्य पूरा करने के बाद अल्लापुर में रहकर उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे हैं। तौफीक ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर पहले भी मो. कैफ ने धमकी दी थी। वह इन दिनों धारावी मुंबई रहता है। इस बार उसने दोपहर में लगभग तीन बजे कॉल कर खुद को मुंबई का बहुत बड़ा डॉन बताकर जान से मारने की धमकी दी। धमकी मिलने के डॉ. तौफीक काफी डरे हुए हैं। जार्जटाउन पुलिस ने तहरीर पर नामजद केस दर्ज किया है।

लोकनाथ की कपड़ा फाड़ होली : सरकारी टैंकर में घोली जाएंगी रंगों की बोरियां, नगर निगम सरीखे नलों से बरसेगा रंग

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। संस्कृतियों को संजोने वाले संगम के शहर में इस बार होली हटकर होगी। लोकनाथ की कपड़ा फाड़ होली के लिए रंगों की बोरियां और नगर निगम सरीखे नलों के फुहारे आ गए हैं। ठठेरी बाजार में पांच-पांच फीट की पीतल की पिचकारियां और रंगों से सराबोर होने के लिए टैंकर के आर्डर दे दिए गए हैं। पूरे शहर के तन-मन और मिजाज को रंगने की तैयारी है।लोकनाथ की कपड़ाफाड़ होली में हर मुहल्ले के रंग दिखेंगे। पांच सौ मीटर के दायरे में 20 से 25 हजार लोगों को रंगों से दिन भर बोरने का इंतजाम किया गया है। लोकनाथ की होली तबतक नहीं शुरू होगी, तबतक मिलन संघ के अध्यक्ष निखिल पांडेय बोरी-बोरी भर कर रंगों के साथ नहीं निकलेंगे। उनके साथ पूरा मुहल्ला निकलेगा। इस बार कोतवाली से लोकनाथ चौराहे के बीच बैरिकेडिंग कर कपड़ाफाड़ होली होली खेलने की तैयारी है।निखिल बताते हैं कि सबके कपड़े बिजली के तारों पर लटकते नजर आएंगे। पूरा लोकनाथ मुहल्ला कपड़ा फाड़ के लिए बेताब है। 24 मार्च की रात होलिका दहन के बाद ही लोकनाथ में रंगों की बौछार के लिए टोलियां लग जाएंगी। किशोर चौरसिया, रामलाल चौरसिया फुहारा लगवाने की जिम्मेदारी संभालेंगे, तो रवींद्र पांडेय, दीपक पुरवार समेत कई लोग स्पीकर बंधवाएंगे। चार सौ युवाओं की टोली इस होली की तैयारी में लगी है। लखनऊ, दिल्ली, कोलकाता से लेकर हैदराबाद तक से लोग आ रहे हैं।

जब तक बंद नहीं कराया जाएगा, तब तक खेली जाएगी होली, 50 स्पीकरों पर बजेगा नाकाबंदी का गीत

लोकनाथ की होली को संगीतमय बनाने के लिए 40-50 स्पीकर लगेंगे। खासतौर से नाकाबंदी का गीत फिर बजेगा और लोग रगों में भीग भीग कर नाचेंगे। दर्जनों फुहारे बांधे जाएंगे। पांच कुंतल से अधिक गुलाब की पंखुडि?ां, 15 कुंतल अबीर -गुलाल और तीन कुंतल कागज की कतरने मशीनों से उड़ाई जाएंगी। यह होली सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक तब तक होगी, जबतक इसे बंद नहीं करा दिया जाएगा।

ठठेरी बाजार में जल संस्थान के टैंकर से उड़ेला जाएगा रंग, छूटेगी पीतल की पिचकारियां

ठठेरी बाजार में जल संस्थान के टैंकर से रंग उड़ेला जाएगा। यहां भी कोतवाली के सामने बरिकेडिंग की जाएगी, ताकि लोग खुलकर होली खेल सकें। ठठेरी बाजार नवयुवक संघ पखवारे भर से तैयारियों में जुटा है। रोहित कसेरा अपनी पूरी टीम के साथ ठठेरी बाजार की होली को हर किसी के लिए ठसक के साथ पेश करने की तैयारी में जुटे हैं। सरकारी टैंकर से रंग की सप्लाई होगी। बोरियों का रंग और स्टोर किया पानी भी फेंका जाएगा। पांच-पांच फीट लंबी पुरनियों की पीतल की पिचकारियों की मरम्मत कराई जा रही है। प्रेशर भी खूब होगा इन पिचकारियों में। ये पुरानी पिचकारी 50-60 फीट दूर तक रंग उड़ेलने में सक्षम होगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली ठटेरी बाजार की होली के रंग तबतक बरसते रहेंगे, जबतक पुलिस बंद कराने न आ जाए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में होली के रंग में रंगा रहा

नैनी। नैनी शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में होली के रंग में रंगा रहा। शिक्षक और कर्मचारी सभी रंग में सराबोर रहे और होली गीतों पर झूमते रहे। हर वर्ष की भांति इस बार भी डीपीएस परिसर में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल की अध्यक्ष सोनू सिंह ने छोटे बड़े सभी कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. सुजाता सिंह भी सभी के साथ होली के रंग में सराबोर थीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने खूब धमाल मचाया। एक दूसरे को रंग लगाने के साथ ही। होली गीतों पर सभी खूब थिरके। अध्यक्ष सोनू सिंह ने इस मौके पर कहा कि जातिगत ओहदे से ऊपर उठकर हमारे शिक्षकों ने बहुत अच्छा कार्यक्रम रखा। इसमें हास्य व्यंग और कविता पाठ हुआ। कोई ऐसा नहीं जिसका मजाक न उड़ाया गया हो। यही होली का रंग होता है। सभी ने डांस कर खूब मनोरंजन किया।

सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह ने कांग्रेस से मिलाया हाथ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। करछना से आठ बार के विधायक और इलाहबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद और एक बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके कुंवर रेवती रमण सिंह सपा से बढ़ती दूरियों के बीच शनिवार को कांग्रेस के नजदीक आ गए। पीजीआई में इलाज करा रहे रेवती रमण सिंह से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पहुंचकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस रेवती रमण सिंह के बेटे और करछना से विधायक रह चुके उज्ज्वल रमण सिंह को इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बना सकती है।

राज्यसभा में सपा से प्रत्याशी न बनाए जाने से नाराज चल रहे रेवती रमण सिंह कांग्रेस से हाथ मिला सकते हैं। गत दिनों अखिलेश यादव प्रयागराज आए थे, लेकिन उन्होंने रेवती रमण सिंह से मिलने की जहमत नहीं उठाई। पूछे जाने पर कहा था कि फिर कभी बैठकर मुलाकात कर लेंगे और सारी शिकायत दूर हो जाएगी। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले कुंवर रेवती रमण सिंह सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते थे।

कीचड में गिरे पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी सूरज कुमार 12 वर्ष पुत्र लालबहादुर कक्षा तीन का छात्र है। बताते हैं कि शनिवार को विधालय से छुट्टी होने के बाद सूरज कुमार गांव के समीप होली खेलता हुआ बच्चों को देख कर वह भी होली खेलने के लिए कीचड़ में गिरे पोल से मिट्टी लेने के लिए गया। जहां पहले से उतर रहे करंट की चपेट में आ गया जिससे वह मौके पर ही खत्म हो गया करंट से सूरज की मौत हो गई।किसी तरह बिजली कटवा कर ग्रामीणों ने इसकी सूचना सूरज के परिजनों को दिए।वह मौके पर पहुंच कर रोने बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सूरज कुमार की मौत पर। ग्रामीणों द्वारा विधुत विभाग को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।बताते हैं कई दिनों से पोल के समीप ईट भट्ठे द्वारा मिट्टी निकाली जा रही थी। जिससे पोल धराशाई हो गया परन्तु किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण सिंचाई का पानी मिट्टी निकाले गए गढडे में भर गया था।

प्रयागराज के प्रीतम नगर ब्रांच में बड़े ही भव्य तरीके से होली मिलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। होली के पर्व को लेकर सभी जगह चलते रहे आपसी भाईचारे की भावना जिसमें सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर जगहों पर अबीर गुलाल के साथ गले मिले गए। उसी क्रम में एसबी आई लाइफ के द्वारा प्रयागराज के प्रीतम नगर ब्रांच में भी बड़े ही भव्य तरीके होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़े ही भव्य तरीके से होली मिलन में अपने रीति रिवाज के अनुसार अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए दिखे व सभी में आपसे भाईचारे में प्रेम की भावना दिखी । सभी एक दूसरे को गले मिलते हुए दिखाया की होली के पर्व को कैसे आपस में प्रेम की भावना होती है। प्रयागराज डिवीजिनल आरुसेन गुप्ता द्वारा सभी को होली के पर्व को लेकर ढेर सारी ब्रांच की ओर से बधाइयाँ दी वहीं यह भी सन्देश दिया कि अपने इस होली के पर्व को घर में भी शांतिपूर्ण ढंग से मिल जुलकर मनाएं इसी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में होली पर महत्वता देते हुए बताया की होली का मतलब कई रंगों के साथ खेला जाता है उसी प्रकार इस पर्व को जीवन से जोड़ते उसकी महत्वता के साथ बताये गए की जिसे प्रकार होली के कई रंग होते हैं उसी प्रकार रंगों की जरूरत होती है जीवन के लिए। शनिवार को प्रीतम नगर ब्रांच में होली कांट्रिस्ट को पाने में सफलता हासिल करने वाले सभी लाइफ मित्रा सदस्यों को उनका सम्मान भी दिया गया। जिससे सभी से यह भी आग्रह किया की होली के इस पर्व को मिल जुलकर मनाएं। इस होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित रहे राजित पाल ने भी होली पर्व को लेकर उसकी महत्वता व इसे क्यूँ मनाया जाता है बड़े सुगम तरीके से बताया गया, मौके पर शिवेंद्र रही, विकास सिंह, मोहित, रूपेंद्र, एल के दूबे आदि सभी एलएम भी मौजूद रहे।

एसबीआई लाइफ के सभी टीमों में दिखा आपसी भाईचारे की भावना

हाईकोर्ट समाचार



हत्या के चार बुजुर्ग आरोपियों को अंतरिम राहत जमानत पर होंगे रिहा, दो पूरी तरह से नेत्र दिव्यांग

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या के चार बुजुर्ग आरोपियों को अंतरिम राहत देते हुए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। जमानत पाने वालों में दो पूरी तरह से नेत्र दिव्यांग हैं। साथ ही मामले में संबंधित जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से स्पष्टीकरण मांगा है। यह आदेश जस्टिस अरविंद सिंह सांगवान व जस्टिस शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने शाहजहांपुर के सुच्चा सिंह व तीन अन्य की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के हाल में गणेश बनाम उत्तर प्रदेश के मामले में पारित आदेश के आधार पर दिया है। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के सभी न्यायालयों के सभी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटों/जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश दिया था कि वे उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद उन सभी आरोपियों पर नजर रखें, जिनके मामलों में समय से पहले रिहाई की सिफारिश की गई। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। इस शर्त के अधीन यदि किसी आरोपी की सिफारिश राज्य सरकार ओर से खारिज कर दी जाती है तो वह संबंधित न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करेगा और उसे फिर से जेल भेज दिया जाएगा।खंडपीठ ने पाया कि इस मामले में शाहजहांपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से वर्तमान अपीलकताओं को अल्पावधि जमानत पर रिहा करने के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने स्पष्टीकरण भी मांगा है। साथ ही रजिस्ट्रार जनरल को उत्तर प्रदेश राज्य के सभी संबंधित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदेश के अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त करने का भी निर्देश दिया।अंतरिम जमानत पाने वालों में 93 वर्षीय सुच्चा सिंह (नेत्र दिव्यांग), 57 वर्षीय हरदीप सिंह (नेत्र दिव्यांग), 83 वर्षीय दलवीर सिंह (वृद्धावस्था), 52 वर्षीय अवतार सिंह (गले की बीमारी से पीड़ित), 72 वर्षीय पाल सिंह (सीओपीडी, वृद्धावस्था दुर्बलता) का नाम शामिल है।

माफिया अतीक के फाइनेंसर माशूक प्रधान समेत तीन को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के फाइनेंसर और कुख्यात अपराधी असरौली गांव के प्रधान माशूक उर्फ माशूकुद्दीन को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। गैंगस्टर के मामले में कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। बेटे शाहेजमन और भतीजे असलूब की जमानत अर्जी भी कोर्ट ने खारिज कर दी। डेढ़ दर्जन मुकदमों में आरोपी माशूक का नाम एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर के बेटे की हत्या में भी नाम सामने आया था। धूमनगंज में इंस्पेक्टर के बेटे की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के असरौली गांव के प्रधान माशूकउद्दीन का घर पीडीए ने उमेश पाल ही हत्या के बाद जमींदोज कर दिया था। वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर राम नवमी यादव के बेटे बलवंत यादव की हत्या में नामजद हुआ था। हालांकि, न्यायालय ने उसे दोषमुक्त कर दिया था लेकिन इस घटना के बाद क्षेत्र में ऐसा दबदबा बना कि आज तक उसके खिलाफ बोलने की किसी की हिम्मत नहीं होती। अकेले माशूकउद्दीन पर ही 16 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। उसके परिवार के दस पुरुषों में नौ के खिलाफ अलग अलग थानों 52 मुकदमे चल रहे हैं।

मेडिकल बोर्ड से हटाए गए मारपीट करने वाले दोनों डॉक्टर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज सीएमओ ऑफिस में दो डॉक्टरों ने की थी मारपीट

प्रयागराज। प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस में मारपीट करने वाले दो डॉक्टरों को मेडिकल बोर्ड से हटा दिया गया है। दोनों डॉक्टर अलग अलग अस्पतालों में तैनात हैं लेकिन सीएमओ ऑफिस में दिव्यांगों के लिए होने वाली मेडिकल बोर्ड में दोनों डॉक्टरों को शामिल किया गया था। दोनों लोगों ने आपसी विवाद को लेकर 26 फरवरी को ड्यूटी के समय ही मारपीट कर लिए थे।मामला इतना बढ़ गया था कि पुलिस को भी बुलानी पड़ी। एक डॉक्टर ने तो दूसरे दिव्यांग डॉक्टर को बुरी तरह से जमीन पर पटककर पीट दिया था। विवाद के चलते कई दिव्यांग बिना दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाए ही चले गए थे।आइए, जानते हैं क्या था पूरा मामला। पूरी घटना 26 फरवरी दोपहर की है। मेडिकल बोर्ड में शामिल दो डॉक्टर डॉ. सुधांशु मंडल और डॉ. आलोक पाठक दिव्यांगों का परीक्षण कर रहे थे। मेडिकल बोर्ड के चेंबर से लेकर बाहर तक दिव्यांगों की भीड़ लगी थी। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों डॉक्टरों में विवाद शुरू हो गया और हाथापाई तक की नौबत आ गई। आलोक पाठक को इसमें काफी चोटें भी आई। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. सुधांशु मंडल ने उन्हें जमीन पर पटककर मारा। किसी तरह अन्य कर्मचारियों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हो सका। इसके बाद अब दोनों डॉक्टरों को मेडिकल बोर्ड से हटा दिया गया है। डॉ. सुधांशु मंडल 100 बेड भगवतपुर में तैनात हैं जबकि डॉ. आलोक एक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात हैं।

नवाब खान बने अल्प संख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयाग महानगर के अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र के संस्तुति पर नवाब खान को अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। माननीय कुंवर बासित अली प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नवाब जी की नियुक्ति पर सभी प्रयाग जिला के भाजपा कार्यकर्ता ने प्रशंसा जताई बधाई व शुभकामना देने वालों में सर्वश्री राजेन्द्र मिश्र जी, रवि केसरवानी, रमेश पासी, देवेश सिंह, कुन्ज बिहारी मिश्रा, एजाजुद्दीन, सबीना सिद्दीकी, राजेश केसरवानी, डा. जहां आरा, अनिल जैन, प्रमोद जायसवाल, रोहित जायसवाल, राकेश भारतीय, अजय आनन्द, अंजनी सिंह, आनन्द जायसवाल, संदीप गोस्वामी, शनि सिंह, कुलदीप मिश्रा, दीप द्विवेदी, नीरज पाण्डेय, अवनीश तिवारी, भोला सिंह।

पीडीए के ओएसडी बने आलोक पांडेय

शहर के सुंदरीकरण व अतिक्रमण हटाने में निभाई थी अहम भूमिका

अखंड भारम संदेश

प्रयागराज। आलोक कुमार पांडेय को पीडीए (प्रयागराज विकास प्राधिकरण) का ओएसडी (विशेष कार्याधिकारी) बनाया गया है। आज शनिवार को उन्होंने पदभार संभाल लिया है। प्रयागराज के फूलपुर के बरेस्ता कला निवासी आलोक कुमार पाण्डेय की शिक्षा इविवि से हुई थी। वह बीच में सहारनपुर और प्रयागराज कमिश्नरी में संबद्ध रहकर अपनी सेवाएं दी।प्रदेश सरकार के निर्देश पर पीडीए ने जब माफियाओं और भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई शुरू किया तो आलोक कुमार पांडेय ने दस्ते का नेतृत्व करते हुए माफियाओं और भूमाफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके साम्राज्य को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई।शहर के सुंदरीकरण, सड़कों के चौड़ीकरण और शहर की सड़कों से अवैध निमार्णों को सख्ती से ध्वस्त करते हुए अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया था। पीडीए में कार्यभार संभालने के बाद आलोक पांडेय ने कहा कि शासन की मंशानुरूप तथा सरकार, प्राधिकरण व जनता के हित के लिए प्राधिकरण के मुखिया के निदेशों के अनुरूप काम किया जाएगा।

मेजा पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर

चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी 25 किलो गांजा व बिना नंबर की बाइक बरामद

अखंड भारत संदेश

मेजा। थाना मेजा पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को बिना नंबर की बाइक व 25 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता के निर्देश पर होली त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र की कड़ी निगरानी तथा सघन चेकिंग अभियान में तैनात थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय, दरोगा गोविंद सिंह बलवंत सिंह यादव ने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ शनिवार को नैनी थाना क्षेत्र के सड़वा गांव निवासी सोमेन्द्र तिवारी उर्फ सोनू पुत्र स्व. महेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी को थाना क्षेत्र के बसहरा नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अंतर्राज्यीय तस्कर के कब्जे से 25 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा व बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है। गौरतलब है कि मेजा पुलिस गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने बताया कि बसहरा नहर थाना क्षेत्र मेजा पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की गाडी पर बोरे में कुछ सामान लादकर आता दिखाई दिया और पुलिस टीम को देखकर गाड़ी मोडकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसकी घेरबंदी कर पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति द्वारा पूछताछ के क्रम मे अपना नाम सोमेन्द्र तिवारी उर्फ सोनू तिवारी पुत्र स्व. महेन्द्र प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम सड़वा थाना नैनी जिला प्रयागराज बताया है। जिसके कब्जे से बोरे मे 25 किलो 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इतना ही नहीं थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि पूछताछ के दौरान सोमेन्द्र द्वारा बताया गया कि हम उडीसा से सस्ते दाम पर गांजा खरीद कर प्रयागराज लाकर महगें दामों पर बेचते हैं साथ ही यह भी बताया कि जो 8 मार्च को थाना क्षेत्र शंकरगढ में एक्सयूवी गाडी लूटी गयी थी तथा अवैध गांजा बरामद हुआ था, वह अवैध गांजा मेरा ही था।

डॉ लोहिया के संघर्षों व सिद्धांतों को अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं: नरेन्द्र सिंह

प्रयागराज। समाजवादी आंदोलन के युग प्रवर्तक तथा चिन्तक डाक्टर राम मनोहर लोहिया के जयन्ती पर शनिवार को सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया और कहा कि वर्तमान राजनैतिक तथा लोकतांत्रिक संकट के समय डाक्टर लोहिया के विचार पहले से ज्यादा प्रासंगिक दिखाई दे रहे हैं। नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि वैसे तो डा लोहिया के विचारों को मानने वाले देश मे बहुत राजनेता हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रतिपादित समाजवादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों और संघर्षों को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ईमानदारी से आगे बढ़ा रहे हैं।

भाई चारा सौहार्द के साथ मनाएं रंगों का पर्व होली : डीसीपी गंगानगर

पीस कमेटी की बैठक के बाद किया गया फ्लैग मार्च

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक में डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय ने आगामी होली पर्व पर आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील किए। उन्होंने कहा कि मऊआइमा क्षेत्र में 159 स्थानों पर होलीका दहन होता है। उन्होंने कहा कि जबर्दस्ती किसी पर रंग न फेंकें। महिलाओं से अभद्रता बिल्कुल कत्तई न करें। न्यायालय के आदेशानुसार ही डीजे की आवाज बजाएं।मादक पदार्थों का सेवन करके बाइकर्स स्टांर्ट न करें।वैसे मऊआइमा हमेशा से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्वों को मनाते चला आ रहा है।इस अवसर पर चेयरमैन शोएब अंसारी, मेराज आरिफ,उमैरजलाल, मुदित खत्री, ग्राम प्रधान चन्द्र सेन यादव,बबलू सिंह, सभासद रिजवान, शकील, मोबीन, मुमताज,कौशरगयास के अलावा ऋषि प्रजापति, गुड्डू प्रधान, सरताज, लालबहादुर आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।पीस कमेटी की बैठक में एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किए।पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न होने के बाद डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मियों ने मऊआइमा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में शिथिलता बरतने पर होगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल तक होगा संचालित

अभियान को सफल बनाने के लिये डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 2024 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुये जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फागिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाये। तालाबों, नालों एवं नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियॉ डोर-टू-डोर सर्वे करें। अभियान के प्रारम्भ होने के उपरान्त इस बात का ध्यान रखा जाये कि माइक्रो प्लानिंग फार्मेट में तिथिवार एवं क्षेत्रवार जिस प्रकार गतिविधियां अंकित की गई है वह उसी प्रकार तिथिवार एवं क्षेत्रवार संपादित की जाये जिससे सभी गतिविधियों की सुचारू रूप से मानीटरिंग सम्भव हो सके। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फागिंग व शुद्ध पेयजल के लिये लगातार कार्य किया जाये। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों/नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायती राज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण प्रभावी कार्यावाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया जाये। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि दस्तक अभियान के साथ-साथ लोगों में जागरूकता फैलायी जाये कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर मतदान दिवस के दिन शत् प्रतिशत मतदान अवश्य करें। जिलाधिकारी ने ईओ को निर्देशित किया कि पानी की टंकियॉ, नल की टोटियॉ, वाटर कूलर जो भी खराब है उन्हें दुरूस्त करा लिया जाये जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। प्रभारी चिकित्सधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी/पीएचसी पर ठंडा पानी पीने की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विद्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा विद्यालय में जो भी बच्चे पढ़ने आये उनके डेट्रस फुल साइज के हो जिससे मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके। उन्होने कहा कि जिन प्राथमिक विद्यालयों में बच्चे कम आ रहे है उनकी सूचना उपलब्ध करायी जाये। बैठक में समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्तगण।

फर्नीचर कारोबारी नईम की हत्या के चार आरोपी धराए

मेडिकल के बाद भेजे गए जिला मुख्यालय

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। कस्बे के कोठियार गली के रहने वाले मोहम्मद नईम फर्नीचर कारोबारी था। उसे गुरुवार की सुबह 9:30 बजे गोली मार दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें मेडिकल के बाद जिला मुख्यालय भेज दिया है। फर्नीचर कारोबारी नईम की हत्या की जांच पुलिस ने शुरू की तो उसके बेटे सैफ की भूमिका संदिग्ध नजर आई। जिसके बाद शुक्रवार को सैफ को शव के सुपुर्द खाक होने के बाद पुलिस उसे हिरासत में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने तीन और लोगों को साक्ष के आधार पर हिरासत में लिया। और चारों आरोपियों को पुलिस ने मेडिकल के लिए शनिवार को दिन में करीब डेड बजे सीएचसी पट्टी ले गई। जहां पर बंद कमरे में चारो का मेडिकल परीक्षण किया गया। मेडिकल के बाद जिला मुख्यालय के लिए रवाना कर दिया गया। पकड़े गए आरोपियों में मृतक नईम का बेटा सैफ, पीयूष पाल, शुभम सोनी, पीयूष मिश्रा शामिल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नईम की हत्या उसके बेटे ने ही सुपारी देकर कराई है। फिलहाल जिला मुख्यालय पर एसपी प्रतापगढ़ इस घटना का पूरा खुलासा करेंगे। चारों आरोपियों को जिला मुख्यालय ले जाया गया है।

डीएम की अनुमति के बिना अधिकारी व कर्मचारी न छोड़ें मुख्यालय

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 16 मार्च 2024 को निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात् आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है एवं इस जनपद हेतु निर्वाचन की अधिसूचना हेतु 29 अप्रैल 2024 एवं निर्वाचन की तिथि 25 मई निर्धारित कर दी गयी है। उन्होने जनपद प्रतापगढ़ के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेशित किया है कि वह निर्वाचन से सम्बन्धित सौपे गये समस्त कार्यो को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें। कोई भी अधिकारी/कर्मचारी जिलाधिकारी की अनुमति के बिना न तो मुख्यालय छोड़ेगें और न ही मुख्यालय के बाहर जायेगें। यदि किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों में बैठक आदि के सम्बन्ध में मुख्यालय से बाहर जाने की आवश्यकता हो तो जिलाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही मुख्यालय से बाहर जायेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश का उल्लघंन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अधीन दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

होली मिलन के विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न गांवो मे आयोजित होली मिलन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी सायं चार बजे उमरपुर करपात्री चैक पहुंचेगे। इसके बाद वह भटनी, कमल चैराहा, लकुरी तथा बीजूमऊ में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होगे। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी होली पर परम्परागत अपने पैतृक आवास संग्रामगढ़ में क्षेत्रीय लोगों व नागरिकों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

होली सौहार्द व एकता की मिसाल: एसडीएम

अधिवक्ताओं ने होली मिलन तथा परम्परागत लण्ठ सम्मेलन में जमकर उड़ाए अबीर गुलाल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। रंगो के पर्व होली पर शनिवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने होली मिलन तथा परम्परागत लण्ठ सम्मेलन का आयोजन किया। हास परिहास के बीच उडे रंग गुलाल में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ अधिकारियों को भी होली की मिठास के साथ उपाधियां सौपी गयी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने कहा कि होली का त्यौहार सम्बन्धों में घनिष्ठता व बार व बेंच का परम्परागत सौहार्द है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने होली को विभिन्न रंगो और बोली के बीच भारत की एकता की मिसाल कहा। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं द्वारा हास परिहास के बीच तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को बकुल पंख तथा पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह को लण्ठाधिराज, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह को जीवबुद्धि के साथ अन्य अधिवक्ताओं को भी हास्य सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने फाग गीत पर भाव नृत्य को भी मनमोहक बनाया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं सौंपी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, संदीप सिंह, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र का सराहनीय सह संयोजन दिखा। स्वागत महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर हरकेश पटेल, संतोष पाण्डेय, अजय शुक्ल गुडडू, विपिन शुक्ल, दीपेन्द्र तिवारी, राजेश तिवारी, नामवर सिंह, हरिश्चंद्र पाण्डेय, केके शुक्ला, मस्तराम पाल, अखिलेश द्विवेदी, प्रमोद तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ल, अनूप पाण्डेय, हरिशंकर द्विवेदी, संजीव तिवारी, हरिश्चंद्र पाण्डेय, आशुतोष शुक्ल, सूर्यकांत मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, अंकित सिंह, मोहित जायसवाल, तपन पाण्डेय, राकेश शुक्ल, अरूण मिश्र पिपरा, मिथलेश त्रिपाठी, संतोष सिंह, शिवेन्द्र तिवारी, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता रहे। इधर शनिवार को विभिन्न सरकारी कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों में भी होली का माहौल उमंग मे देखा गया। लालगंज ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में अधिकारियों व कर्मचारियों को एक दूसरे को होली की मंगलकामनाएं सौपने में मगन देखा गया।

होली मिलन समारोह को संबोधित करते एसडीएम लालगंज।

मॉडल ग्रामीण विकास को लेकर प्रधान सम्मानित

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्वच्छता मिशन तथा माडल ग्रामीण विकास को लेकर प्रधान को ग्रामीणों ने समारोहपूर्वक सम्मानित किया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के हण्डौर ग्राम में हुई चैपाल में गांव में पंचायत भवन एवं विद्यालय के सुन्दरीकरण तथा माडल अमृत सरोवर, कूड़ादान, खाद गडढा व स्वच्छता मिशन के तहत शौचालय निर्माण के कार्यो की ग्रामीणों ने सराहना की। ग्रामीण विकास के कार्यो को सराहनीय देखकर चैपाल में ग्राम प्रधान नितेश सिंह वीरू को माल्यार्पण एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। चैपाल में विकास कार्यो में अव्वल हण्डौर गांव को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सराहते हुए प्रधान को सम्मानित भी किया जा चुका है। वहीं प्राचीन शिव मंदिर पर हुए महाकाल महोत्सव में भाजपा नेता डॉ. राकेश सिंह द्वारा प्रधान वीरू के कार्यो को ब्लाक का आदर्श स्वरूप बताया गया। कार्यक्रम में एनआईआरडी पीआर के मास्टर ट्रेनर प्रभाकर सिंह, भानु सिंह, हरिकेश विश्वकर्मा, श्याम तिवारी, पवन शुक्ल, सागर सिंह, समाजसेवी संजय शुक्ल, सत्यराय सरोज, दयाशंकर गिरि, मो. कलीम, संतोष सिंह, अनिल सिंह आदि रहे।

बच्चों में असीम प्रतिभा, उसे निखारने की जरुरत: डा0 शाहिदा

हैप्पी टाइम स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने ने कार्यक्रमों में दिखाई अपनी प्रतिभा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में आज आयोजित वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचाई। प्रारंभ में एंजिल्स परिवार की मुखिया डा0 शाहिदा ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती मां की पूजा की।

इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उन्हें इतना गदगद कर दिया कि वह बच्चों को बुलाकर उनकी फोटो अपने साथ खिंचवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों में बहुत प्रतिभा है। ऐसे कार्यक्रमों से उनमें निखार आता है। इस अवसर पर एमडीपीजी कालेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका डा0 केएन मिश्रा ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने की भी जरुरत है। प्रारंभ में स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों ने वार्षिक परीक्षा की तैयारी के समय ही यह कार्यक्रम तैयार किया है। इन बच्चों में प्रतिभा है। इनको मंच लाने से इनका उत्साह बढ़ता है। स्कूल की अंग्रेजी शिक्षिका सौम्या ने इन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अच्छा लगन से पढ़ाई करने के टिप्स दिये। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में उमेश श्रीवास्तव, राज सिंह, सौम्या, सृष्टि तिवारी, सीमा पटेल, सुलेखा, ममता आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे जो अपने बच्चों के आकर्षक कार्यक्रम को देखकर खुश हो रहे थे।

हैप्पी टाइम स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करतीं डा0 शाहिदा।

सम्मान समारोह में सम्मानित साहित्यकारगण।

जिले के तीन साहित्यकारों को उनकी चयनित कृतियों के लिए मिला शोभा देवी स्मृति साहित्य सम्मान

चित्रकूट में किये गये सम्मानित, साहित्यकारों ने जताई खुशियां

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम के कहानी संग्रह बुक्का बुआ साहित्यकार कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री की बाल कृति मैं हूं तेरा लल्ला तथा श्रीनाथ मौर्य सरस की काव्य कृति सूरज की किरण को त्रिस्तरीय मूल्यांकन में श्रेष्ठता के आधार पर कोबरा, जनपद चित्रकूट में आयोजित कार्यक्रम में शोभा देवी स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम आयोजक एवं व्यवस्थापक सतीश चंद्र मिश्र (सतीश बब्बा) द्वारा अपनी पत्नी शोभा देवी की स्मृति में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में जनपद के तीन साहित्यकारों सहित देश के 27 लेखकों को उनकी पुस्तकों पर सम्मानित किया गया है स कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयागराज की वरिष्ठ कवयित्री जया मोहन ने किया स हरियाणा की कवयित्री डॉ0 शील कौशिक मुख्य अतिथि, अजमेर राजस्थान की अनीता गंगाधर एवं प्रतापगढ़ के कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी अतिथि के रूप में मंच पर सुशोभित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रयागराज के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार भगवन प्रसाद उपाध्याय ने किया। सृजना साहित्यिक संस्था अध्यक्ष डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने जनपद चित्रकूट में सम्मानित हुए साहित्यकारों प्रेम कुमार त्रिपाठी, कुंज बिहारी लाल मौर्य एवं श्रीनाथ सरस को बधाई देते हुए कहा कि इन लोगों ने अपने लेखन से जिले का गौरव बढ़ाया है। इनकी लेखनी निरंतर प्रगतिशील है। समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने सम्मानित तीनों साहित्यकारों को बधाई देते हुए हुए कहा कि लेखन के क्षेत्र में जनपद का विशिष्ट योगदान रहा है स कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद प्रतापगढ़ की भूमि से ही कथा सम्राट बने। कथाकार प्रेम कुमार भी जनपद के कथा सम्राट हैं। अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, राकेश कनौजिया, राधेश्याम दीवाना, अनिल कुमार निलय एवं अमरनाथ सहित जनपद के तमाम बुद्धिजीवियों ने सम्मानित साहित्यकारों को हार्दिक बधाई दी है।

दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले के थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 प्रभाशंकर सचान मय हमराह उ0नि0 सियाराम के द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान अ0सं0 36/2014 धारा 308, 323, 504, 506 भादवि थाना संग्रामगढ़ से सम्बन्धित दो वारण्टी अभियुक्त रमेश कुमार सरोज उर्फ बुट्टे पुत्र श्रीराम सरोज नि0 ग्राम हिसामपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ व अ0सं0 488/2020 धारा 138बी विद्युत अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राम सजीवन पुत्र स्व0 कडेदीन यादव नि0ग्राम पुरैली मकदूमपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने रंजिश मे हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी की घटना को लेकर छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के टोडरपुर निवासी पुष्कन तिवारी पुत्र विद्याधर तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस मार्च को सुबह साढे सात बजे लाला का पुरवा थाना जेठवारा के मल्हू तिवारी पुत्र मदन तिवारी सराय लालमती निवासी आदर्श तिवारी उर्फ शुभ पुत्र शारदा तिवारी व चार अज्ञात लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और रंजिश को लेकर गाली देते हुए धमकी देने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जमकर मारापीटा। जांच के बाद पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खाद्य सचल टीम ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दो नमूने किये संग्रहित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेश के अनुपालन में आगामी होली पर्व पर मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयाँ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट की रोक थाम हेतु प्रभारी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने, आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित 02 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 02 खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी। खाद्य सचल द्वारा रिलायन्स रिटेल लिमिटेड

विश्लेषण हेतु नमूने भेजे गये प्रयोगशाला

(प्रो0-संदीप मिश्रा पुत्र देव नारायण मिश्रा) दहिला मऊ से बेसन का नमूना तथा सतीश चन्द्र भट्ट पुत्र सुरेश चन्द्र भट्ट भुपियामऊ से रिफाइन ऑयल का नमूना संग्रहित किया गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

अभियान के दौरान खाद्य सचल द्वारा आम जनमानस/खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने के घरेलू उपायों के विषय में जागरूक किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि मिलावटी खोये की पहचान के लिये खोये की थोडी से मात्रा लेकर उस पर आयोडीन टिंचर की दो से तीन बूंद डाले अगर यह काला पड़ जाये तो समझे यह मिलावटी है। शुद्ध खोया में हल्की मिठास होती है तथा रगडने पर घी छोडता है जबकि मिलावटी खोये में ऐसा नही होता है। खोये से निर्मित मिठाई को गर्म पानी में घोल कर उसमें टिंचर आयोडीन की दो से तीन बूंद डालने पर अगर मिठाई का रंग परिवर्तित होकर गहरा नीला रंग आता है तो मिठाई मिलावटी है। यदि रंग में कोई परिवर्तन नही आता है तो मिठाई शुद्ध है। मिठाई चख कर भी उसके बासी होने या फिर गुणवत्ता का अंदाजा लगा सकते है। मिठाई पर लगने वाले चांदी वर्क को हाथ से रगडने पर यदि उसकी गोली बन जाती है तो वह एलुमिनियम से निर्मित नकली वर्क है, यदि वर्क पूरी तरह पिस जाता है तो वह असली चांदी वर्क है। बहुत अधिक चटक रंगो वाली मिठाईयों को खरीदने से बचना चहिये क्योकि वह अखाद्य रंगों से निर्मित हो सकती है। खाद्य सचलदल में संजय कुमार तिवारी, संतोष कुमार दुबे, अंजनी कुमार मिश्र, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार कर दुकान में घुसकर पलटी

बाइक सवार पीएसी के सफाई कर्मी की मौत,दो अन्य लोग घायल मौके पर लगी भीड़

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद दुकान के भीतर घुस कर पलट गई है हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल है सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस बचाव एवं राहत के कार्य में लग गई है मृतक चित्रकूट जनपद के राजापुर के रहने वाले बताए जाते हैं(जानकारी के मुताबिक कर्नाटका बैंगलोर से कटहल लोडकर प्रयागराज जा रही ट्रक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के असवा चौराहा के पास पहुंचा तभी एक बाइक सवार पीएसी के 42 वी बटालियन में कार्यरत सफाई कर्मचारी सामने आ गया जिससे ट्रक अनियंत्रित हो गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बाइक मिस्त्री को दुकान में घुस कर पलट गया हादसा देख मौके पर अफरा तफरी मच गई और लोगों के भीड़ घटनास्थल पर पहुंच गयी हादसे में बाईक सवार पीएसी के 42 वी बटालियन में कार्यरत राजापुर चित्रकूट का रहने वाले सफाई कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइक मिस्त्री राजेश और बाइक की दुकान में बैठा युवक पवन गंभीर घायल हो गए।घटना की सूचना पर कोखराज थाना प्रभारी इंद्रदेव एवम भरवारी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा और जांच शुरू कर दी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर बाल बाल बच गए। मृतक पीएसी के सफाई कर्मी का नाम बच्चा लाल पुत्र मुन्नू लाल उम्र 45 वर्ष बताया जाता है।

होली के दौरान हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाएं

इमरजेंसी मामलों में सेवा देने के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी सरकारी एम्बुलेंस सेवाएं

कौशाम्बी। होली के दौरान आवश?यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें। इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। होली के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहार के दौरान 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को दी है। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दिनेश यादव ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

जीवनरक्षक दवाएं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ : उन्होंने ने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है।

102 एंबुलेंस भी रहेगी अलर्ट : होली के त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। कौशाम्बी जनपद में 108 की 22 एवं 102 की 28 एम्बुलेंस सरकार द्वारा संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

दो दर्जन चल रही शराब की भट्टी दो को पकड़ा ले देकर छोड़ा

शराब भट्ठियों के संचालक पर केवल वसूली का दबाव बनाने के लिए चौकी पुलिस संचालकों पर कार्यवाही करती दिख रही है

कौशाम्बी। शराब भट्ठियों के संचालक को बंद करने के लिए चौकी थाना पुलिस गंभीर नहीं है शराब भट्ठियों के संचालक पर केवल वसूली का दबाव बनाने के लिए चौकी पुलिस संचालकों पर कार्यवाही करती दिख रही है जिससे शराब की अवैध भट्टी का संचालन बंद होता नहीं दिख रहा है ताजा मामला मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊनो का है। ग्राम पंचायत ऊनो में दो दर्जन से अधिक शराब की भट्ठियां अवैध तरीके से पूरे वर्ष संचालित होती हैं होली के पर्व पर शराब भट्टी पर अभियान चलाए जाने का पुलिस अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद भी ऊनो गांव की अवैध शराब भट्ठियों पर टेवा चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है गुरुवार की शाम को टेवा चौकी पुलिस ऊनो गांव पहुंची और दिनेश विकलांग के घर पर चल रही शराब भट्टी को पकड़ लिया मौके पर निर्मित अर्ध निर्मित शराब का जखीरा मिला लहन मिला उसके बाद गांव के घुसते ही एक महिला शराब भट्टी का संचालन कर रही थी पुलिस ने उसको भी पकड़ लिया शराब भट्टी को तोड़फोड़ दिया भारी मात्रा में पुलिस को लहन मिला अर्ध निर्मित और निर्मित शराब भी चौकी पुलिस को महिला के घर से मिला शराब भट्टी संचालन में लगे दोनों लोगों को पुलिस पकड़ कर चौकी लेकर आई तमाम तरह का दबाव बनाया उन्हें धमकी दी गई चौकी पुलिस ने शराब बनाने वाले से लंबी चौड़ी बात करने के बाद अंत में उनसे समझौता कर लिया और लेनदेन करने के बाद पकड़े गए दोनों लोगों को चौकी पुलिस ने छोड़ दिया है दोनों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं दर्ज हुई है अब इस तरह से यदि चौकी पुलिस शराब भट्टी संचालक को बंद करने के लिए छापामार कार्रवाई करेगी तो कैसे शराब की अवैध भट्टी का संचालन बंद होगा दो दिन बीत जाने के बाद भी चौकी पुलिस द्वारा भट्टी संचालकों से साठगाँठ के इस मामले को क्षेत्राधिकारी और पुलिस के बड़े अधिकारियों ने स्वतः संज्ञान लेकर टेवा चौकी पुलिस पर कठोर कार्रवाई नहीं की है जिससे चौकी पुलिस के हौसले बुलंद है और ऊनो गांव में दो दर्जन से अधिक शराब भट्टी का संचालन बेखौफ तरीके से हो रहा है जिनसे चौकी पुलिस महीना वसूली के लिए बदनाम है इन भट्ठियों से तैयार शराब को होली के पर्व पर बेखौफ तरीके से बेचा जाएगा जिससे अशांति फैलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विधानसभा चायल के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों-कस्तूरबा गॉधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी, नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय रोही, प्राथमिक विद्यालय पल्हाना उपरहार, महगॉव इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय कसिया पूर्व तथा प्राथमिक विद्यालय कसिया पूर्व का भ्रमण कर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं-पेयजल, शौचालय, बिजली एवं रैम्प आदि वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को बूथ कक्ष में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सहित आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने मतदान केन्द्रां पर पेयजल की व्यवस्था एवं शौचालयों की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारी को बूथों पर प्रारूप के अनुसार आवश्यक जानकारी अिंकत कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पल्हाना उपरहार में मिड्-डे-मील की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया कि बच्चों को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किया जाय भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौंड एवं क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

होली के पूर्व डीएम एसपी ने किया पैदल गस्त

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम,एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी कौशाम्बी एवं पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं होली त्यौहार के दृष्टिगत वा मतदान केंद्रों का निरीक्षण व शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मद्देनजर शनिवार को डीएम राजेश कुमार रॉय एवम एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। डीएम, एसपी ने इस दौरान प्राथमिक विद्यालय कशिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय कशिया, प्राथमिक विद्यालय पल्हाना, प्राथमिक विद्यालय दरवेशपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रोही मुरतगंज,महगांव इंटर कालेज महगांव, नेशनल इंटर कालेज भरवारी सहित कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज भरवारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवागमन के मार्गों के विषय में पूछताछ की गई तथा स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई एवं मतदान के महत्त्व को बताते हुए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया मतदान केंद्रों के निरीक्षण के साथ ही डीएम एवम एसपी ने होली त्यौहार के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया एवं संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा लोगों से शांति पूर्वक आनंद लेते हुए भाईचारे के साथ होली त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान एसडीएम चायल योगेश गौड़ एवम सीओ चायल मनोज सिंह रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

अराजक तत्व बिगड़ सकते हैं शान्ति व्यवस्था!

कौशाम्बी। होलिका दहन में लकड़ियों की व्यवस्था की जाती हैं, किन्तु कुछ अराजकतत्व होलिका दहन के लिए इर्ष्या वश रात के अंधेरे में हरे पेड़ को कटवा कर होलिका में रखवा देते हैं। उसके बाद दिन में पेड़ के मालिक अपने पेड़ को काटा हुआ पाते हैं तो गाली गलौज और उलाहना देते हैं जिससे लड़ाई झगडे होते हैं और होली के त्यौहार में अशान्ति और अव्यवस्था फैलती है। जबकि कुछ अराजकतत्व नाबालिक लड़को को आगे कर इस तरह का काम करवाते हैं, उसके बाद गांव में लड़ाई झगडे करवाते हैं इस विषय पर शासन प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि किसी प्रकार की घटना न होने पाए। बता दें कि इस बार होली का त्यौहार आदर्श आचार संहिता के बीच मनाया जा रहा इस लिए और भी ज्यादा शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी शासन की बनती हैं। यदि कोई भी घटना घटित होती हैं तो वह घटना कब राजनीतिक मोड़ ले लेती हैं किसी को पता नही चलता है। इस लिए होलिका दहन पर हरे पेड़ की कटाई को रोकने के लिए अराजकतत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस को विशेष ध्यान देना होगा।

लोकसभा चुनाव प्रभावित करने का सीएमओ पर नेताओं ने लगाया आरोप

कौशांबी। प्रयागराज मंडल के प्रतापगढ़ निवासी कौशांबी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार पर राजनीतिक दल के नेताओं ने लोकसभा चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया है कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी समेत समाजवादी नेता अरुण कुमार चौधरी ने निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर बताया कि कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में तीन विधानसभा कौशांबी जिले की और दो विधानसभा प्रतापगढ़ जिले की शामिल है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार प्रतापगढ़ जनपद के निवासी हैं इनके अधीन काम करने वाले तमाम अधिकारियों को लोकसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिससे लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी होने की प्रबल संभावना है। चुनाव आयोग को भेजे पत्र में नेताओं ने आरोप लगाया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार की कार्यशाली हमेशा से विवादित रही है और भाजपा के एक नेता के यह बहुत नजदीक हैं उनकी कठपुतली बनकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार काम करते हैं जिससे लोकसभा चुनाव में भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुष्पेन्द्र कुमार भाजपा नेता की कठपुतली बनकर काम करेंगे जिससे लोकसभा चुनाव प्रभावित होगा निष्पक्ष तरीके से मतदान नहीं हो पाएगा लोकसभा चुनाव के पूर्व सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कौशांबी से हटाए जाने की मांग विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने की है जिससे निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न हो

पट्टा पत्रावली निरस्त करके फिर से पट्टा कराए जाने की मांग

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक थाम्भा में अपात्र लोगों को जमीन का पट्टा दे दिया गया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से करते हुए बताया कि अपात्र लोगो को जमीन का पट्टा दिया गया है ग्रामीणों ने बताया कि पहले से जिन्हें लोहिया आवास मिला है प्रधानमंत्री आवास मिला है उन्हें भी पट्टा दे दिया गया है जिनके पास कई बीघा जमीन है गांव में पक्के मकान बने हैं ट्रैक्टर है समरसेबुल है उन्हें भी पट्टा दे दिया गया है जिससे सरकार के नियमों के अनदेखी हुई है और गरीब कमजोर योजना के पात्र लोग सरकारी जमीन का पट्टा पाने से वंचित रह गए हैं ग्रामीणों ने अधिकारियों से कहा कि पूर्व में दिए गए जमीन के पट्टे की पत्रावली को निरस्त कर दिया जाए और फिर से मुनादी कराकर सार्वजनिक तरीके से ग्रामीणों को पट्टे का वितरण किया जाए इस दौरान रज्जन मानसिंह ओंकार नाथ रीता देवी लाल बहादुर राजकुमार बृजभूषण मंजू देवी हरिश्चंद्र धर्मेंद्र सिंह नागेंद्र सिंह सोमदत्त सिंह ललती देवी दशरथ लाल शुभम सिंह संजय सिंह इंद्रजीत सिंह राम शिरोमणि यादव लल्लन यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

महिला पर हमले के बाद हमला समझौता तक सीमित पुलिस

हमलावरों के बार बार आतंक से दलित परिवार गांव छोड़ने को विवश, कप्तान के यहां एप्लीकेशन देने के बाद जांच करने के बाद दबंग के कृत्य को बीट के सिपाही और हल्का दरोगा नहीं करते उजागर

कौशांबी। योगी सरकार कानून के राज की बात कर रही है लेकिन उसके सरकार में पुलिस संरक्षण में दबंगों के आतंक से गांव छोड़ने को दलित विवश हो रहे हैं अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हैं कि एक दलित महिला के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं देखते-देखते दलित महिला के ऊपर छह बार हमला हो चुका है प्रत्येक बार थाना से लेकर अफसरो तक फरियाद की गई लेकिन एक बार का भी मामला पुलिस ने पंजीकृत नहीं किया है दबंग पर कार्यवाही करना उसे जेल भेजना तो दूर की बात रह गई है जिससे पुलिसिया कार्यवाही का अंदाजा योगी सरकार में लगाया जा सकता है लगातार दबंग की पिटाई से पीड़ित दलित महिला को न्याय की उम्मीद छूट चुकी है वह गांव छोड़कर पलायन को मजबूर दिखाई पड़ रही है मामला चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव की मनीषा देवी सरोज का है। मनीषा देवी सरोज का पति रोजगार के चलते प्रतिदिन घर के बाहर चला जाता है दो मासूम बच्चों के साथ मनीषा घर में रहती है मामूली बातचीत के बाद मनीषा के पति पर फर्जी मुकदमा लगाकर उसे प्रताड़ित किया गया उसके बाद 1 वर्ष पहले पुलिसिया साठगाँठ से मनीषा देवी के घर के बाहर खुले आसमान के नीचे आधी रात को तमंचा रखकर उसके पति को फसाने का प्रयास किया गया आधी रात को मनीषा देवी अपने पति के साथ घर के भीतर सो रही थी बाहर नहाने के खुले घर में पुलिस तमंचा बरामद कर रही है और पुलिस की मुखबिरी यही दबंग दिलीप कुमार कर रहे हैं जिन्होंने तमंचा रखा था जिससे फर्जी मुकदमे में दलित को फसाने की पुलिसिया कार्रवाई उजागर होने के बाद इस मामले को पुलिस ने ठंडे बस्ती में डाल दिया। दूसरे के घर के बाहर तमंचा रखने वाले दिलीप कुमार को पुलिस ने जेल नहीं भेजा उसके बचाव में पुलिस फिर उतर आई थी इस मामले में भी तमंचा रखने वाले दिलीप कुमार पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की इसके बाद लगातार गांव के दबंग दिलीप कुमार उर्फ सोनू दलित मनीषा देवी और उसके पति मानसिंह पर जुल्म ज्यादती अत्याचार कर रहे हैं पुलिस से राहत मिल जाने के बाद महिला के साथ दबंग दिलीप कई बार मारपीट कर चुके हैं पीड़ित महिला लगातार थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की फरियाद कर रही है लेकिन समझौता करने तक थाना पुलिस सीमित है जिससे दबंग के हौसले बुलन्द है उन्हें लगता है कि कानून का राज उनकी जेब में है लगातार अपराध करने वाले दबंग पर हल्का पुलिस मेहरबान है।

165 वाहनों का पुलिस ने किया ई चालान

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दृष्टिगत बड़ी कार्यवाही की गई है पूरे जिले के पुलिस थाना और यातायात पुलिस द्वारा व्यापक पैमाने पर वाहनों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया और चार पहिया 165 वाहनों का पुलिस ने ई-चालान किया है पुलिस के यातायात वाहनों के चेकिंग के चलते पूरे दिन दो पहिया वाहन चालकों में हड़कंप रहा हालांकि पुलिस के वाहन चेकिंग के दौरान अवैध तरीके से चलने वाले डग्गामार विक्रम टेंपो अप्पे ई रिक्शा बिना परमिट के चलने वाली प्राइवेट बसों के साथ बालू लदे ओवरलोड वाहन नाबालिक द्वारा चलाए गए ट्रैक्टर ट्राली का चालान नहीं हो सका है बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर की ट्रालियां ईट गिट्टी मिट्टी बालू भरकर सड़कों पर फरार्टा भरते देखी गई और पुलिस का कहना है कि उसने पूरे दिन जिले में वाहन चेकिंग कर 165 वाहनों का चेक करने के बाद गलत पाए जाने पर चालान किया है।

त्योहार पर भी नहीं पहुंचे गांव सफाई कर्मी गंदगी से बजबजा रहा गांव

कौशाम्बी। एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार स्वच्छता अभियान पर जोर दे रही है दूसरी तरफ 800 से अधिक सफाई कर्मचारियों के प्रत्येक महीने वेतन दिए जाने के बाद गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है और उसके बाद सफाई कर्मचारियों पर अंकुश लगाने में जिला पंचायत राज अधिकारी पूरी तरह से असफल हो चुके हैं जिले के 90 प्रतिशत गांव गंदगी से जूझ रहे हैं गलियों में गंदा पानी पी रहा है कीचड़ गलियों में भरा है लोगों को आने-जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है होली का त्यौहार सामने खड़ा है लेकिन उसके बाद गांव की सफाई व्यवस्था करने का समय जिला पंचायत राज अधिकारी के पास नहीं था जिससे गंदगी के बीच लोगों को होली का त्योहार मनाना पड़ेगा सरकार और उनके सांसद विधायक मंत्री स्वच्छता अभियान पर बड़े-बड़े भाषण दे रहे हैं नेताओं अफसरो को जानना होगा कि भाषण देने से सफाई नहीं होगी सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारियों की गांव में ड्यूटी लगानी होगी जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई वह

अफसर नेता सांसद विधायक मंत्री सफाई अभियान पर बड़ा-बड़ा भाषण दे रहे हैं, 800 से अधिक सफाई कर्मचारियों के प्रत्येक महीने वेतन दिए जाने के बाद गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट

सफाई कर रहे हैं या घर में मौज मस्ती कर रहे हैं अधिकारियों को यह देखना होगा लेकिन सफाई कर्मचारियों की मनमानी के आगे अफसरो में रोक लगाने की हिम्मत नही है अफसर के नीचे बैठने वाले सफाई कर्मचारियों से हिस्सा वसूली में मस्त हैं जिससे काम न करने वाले सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का साहस जिला पंचायत राज अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं इसका नतीजा यह है कि जिले में 800 से अधिक सफाई कर्मचारियों के गांव क्षेत्र में तैनाती होने के बाद जिले के 90 प्रतिशत से अधिक गांव में गंदगी ब्याप्त है हकीकत जानने के लिए जब नेवादा विकासखंड क्षेत्र के दरहा गांव में साफ सफाई की स्थिति देखी गई तो मालूम चला कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी यादव जी केवल उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने आते हैं जब गांव के लोग सफाई कर्मी को कहते हैं तो उनका कहना है की वीडियो साहब ने ड्यूटी बाहर लगाई है दलित बस्ती में सफाई नहीं हो सकी है अकेले दरहा गांव में गंदगी नहीं है जिले के 90 प्रतिशत गांव गंदगी से बजबजा रहे हैं और अफसर नेता सांसद विधायक मंत्री सफाई अभियान पर बड़ा-बड़ा भाषण दे रहे हैं।

न्यूज झरोखा

आजादी के नायक सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की मनाई गई पुण्यतिथि



हर्रायपुर कौशाम्बी। एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज में आजादी के नायक सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की पुण्यतिथि मनाया गया,उनके बलिदान को याद किया गया। वीर सपूतों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने बच्चों को उनके जीवनी के बारे में बताया तथा प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बताया कि अंग्रेजों से भारत को आजाद करने के लिए भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए भारत देश के वीर सपूतों के कुबार्नी देने के बाद आजादी मिली है उन्होंने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया इस मौके पर बच्चों ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया।इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अनीता कुमारी ,रामनरेश यादव रईस अहमद, अनिल कुमार ,सुनील सिंह,अभिषेक साहू शिवानी यादव, आकांक्षा पाल ,नंदिता पाल ,ममता मिश्रा ,ज्योति सैनी, मनीषा विश्वकर्मा जितेंद्र सर ,कल्लो देवी आदि लोग मौजूद रहे।

सराय अकिल कस्बे में रमजान के पर्व पर छोटी बच्चियों ने रखा रोजा

कौशांबी। जिला के नगर पंचायत सराय अकिल कस्बे के वार्ड नंबर 12 बुद्ध पूरी मोहल्ले में रमजान के पर्व पर छोटी-छोटी बच्चिया लगातार 13 दिन से रोजा रख रही है अल्लाह से देश के लिए अमन चैन की दुआ मांग रही है सराय अकिल कस्बा में रमजान के पावन पर्व पर रोजा रखने में छोटी छोटी बच्ची आगे आ रही हैं मोहम्मद अल्ताफ की छोटी बच्ची अदीबा खातून 7 वर्ष जैनब खातून 6 वर्ष रमजान शुरू होने से लगातार रोजा रख रही हैं जो शाम को नमाज पढ़कर रोजा समाप्त करती हैं पिता मोहम्मद अल्ताफ तथा दादा मोहम्मद कैसर ने बताया कि घर के सदस्यों को देखकर छोटी-छोटी बच्चिया रमजान शुरू होते ही रोजा रख रही है अल्लाह से देश में अमन शांति की दुआ मांगते हुए देश में सुख शांति कायम रहे हैं।

एसडीएम सीओ ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। उप जिलाधिकारी मंझनपुर एवं क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सर्किल कौशाम्बी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया साथ ही होली त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र में भ्रमण कर होलिका दहन स्थलों एवं शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

कौशाम्बी मे नाबालिग चला रहे ट्रैक्टर ट्रॉली

कौशाम्बी। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से पंगु हो चुकी है ए आरटीओ से लेकर यातायात प्रभारी और थाना पुलिस पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं निर्धारित क्षमता से अधिक वाहनों में माल की ढुलाई हो रही है आए दिन बालू लदे ट्रैक्टर और ट्रक ओवरलोड देखे जाते हैं पूरे दिन सड़क पर ओवरलोड वाहन दौड़ते हैं लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं होती है आखिर कितनी मजबूत पकड़ बालू माफियाओं की है कि यातायात पुलिस से लेकर एआरटीओ और थाना पुलिस ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने का साहस नहीं कर पाते हद तो तब हो गई जब नाबालिग का ट्रैक्टर चलाने का वीडियो वायरल हुआ है खुलेआम नाबालिक वाहन चला कर सड़कों पर फरार्टा भरते हैं जिससे दुर्घटनाएं बढ़ती है मिट्टी गिट्टी ईट ढोंने के काम में लगे ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन की कमान भी नाबालिक चालकों के हाथ में है जिनके पास विभाग का लाइसेंस भी नहीं है लेकिन उसके बाद इन पर कार्रवाई नहीं होती है मंझनपुर मुख्यालय के मुख्य चौराहे पर नाबालिग बच्चा ट्रैक्टर चलाते दिखाई पड़ा है जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

मतदाता सूची में हैं नाम तो 12 वैकल्पित फोटो पहचान-पत्र के माध्यम से भी कर सकतें हैं मतदान

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पित फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। वैकल्पित फोटो पहचान दस्तावेज यथा- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डॉकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/ राज्य/ सरकार/ लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र एवं सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र तथा यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक पहचान-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

पैरामिलिट्री फोर्स के साथ मंझनपुर पुलिस ने किया गस्त

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस ने लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

हर्रायपुर कौशाम्बी। शासन द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देश के अनुसार भुनेश चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना संदीपन घाट की मूरतगंज पुलिस चौकी इंचार्ज ने टीम द्वारा दिनांक 23 मार्च को वारंटी अभियुक्त राजू पुत्र अनिल कुमार निवासी नसीरपुर थाना संदीपन घाट कों उसके घर से गिरफ्तार किया है वारन्टी अभियुक्त पर न्यायालय द्वारा परिवाद संख्या 1473/2013 000 133/12 धारा 323/504/506 भादवि में गैर जमानती वारष्ट जारी किया गया था। नियमानुसार कार्यवाही के पश्चात वारंटी अभियुक्त राजू को न्यायालय के समक्ष भेज दिया चौकी इंचार्ज का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है इनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र की जनता में पुलिस व कानून के प्रति विशाल बढ़ा है तथा जनता द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

आहरण वितरण अधिकारी कोषागार में विलम्बतम 25 मार्च तक बिल अवश्य करें प्रस्तुत

कौशाम्बी। वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देशित है किया कि कोषागार में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विलम्बतम दिनांक 25 मार्च 2024 तक अव

संपादक की कलम से

अबकी होली में सियासी अदावत के रंग

देश में 24 मार्च की रात होली जलाई जाएगी । एक परम्परा का निर्वाह है ,सो होगा लेकिन होली पर लोगों के दिलों से मनोमालिन्य शायद हर बार की तरह दूर नहीं हो पायेगा ,कम से कम राजनीति में तो ये नामुमकिन है। नामुमकिन क्यों है ,ये बताने की जरूरत नहीं है ,क्योंकि पूरा देश जान रहा है , देख रहा है कि हमारे नेता कितने बुरे ढंग से होली खेल रहे हैं। उनकी ठंडाई में अमृत नहीं विश की मात्रा बढ़ती जा रही है। होली दरअसल ' होली ' रही ही नहीं।

हिंदी की होली में रंग ,गुलाल और अबीर होता है लेकिन अंग्रेजी होली में एक तरह की सुचिता होती है। हमारी होली सुचिता के साथ ही रंगीन भी होती है । हम बुराई की प्रतीक होलिका का दहन करते हैं ,आपस में गले मिलते है। फाल्गुन के महीने में मनाये जाने वाले इस त्यौहार में आसमान में रंगों के बादल फेरा करते नजर आते हैं ,लेकिन धीरे-धीरे ये सब अगोचर होता जा रहा है। रंग के बादल काले और भयानक होते जा रहे है। सुचिता अपवित्रता में बदल रही है ,

वर्ष 2024 की होली में सियासत ने अचानक और कड़वाहट घोल दी है । सियासत की वजह से ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है । उनकी होली उनके परिवार के साथ नहीं बल्कि ईडी के पूछताछ अधिकारीयों के साथ मनाना पड़ेगी । दिल्ली की जनता को अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री से दूर रहना पडेगा। दिल्ली की जनता का दुर्भाग्य ये है कि वहां प्रधानमंत्री भी रहते हैं किन्तु जनता उनसे मिल नहीं सकती ,क्योंकि जनता से उन्हें डर लगता है। वे फकीर हैं और फकीर होली नहीं मनाते। ये गृहस्थों का काम है जो अब उन्हें करने नहीं दिया जा रहा ,ईडी यानि सरकार की कठपुतली ने होली मनाने से पहले केजरीवाल को ईडी की हिरासत में भेज दिया , केजरीवाल यदि बाहर रहते तो सरकार के खिलाफ रंग उड़ाते ,जन मानस को जगाने की कोशिश करते और तो और होली में बुराइयों को जलाने के बजाय भाजपा की उपलब्धियों को ही झोंक देते। अब वे तो क्या उनकी तरह भाजपा से होली जलाने वाले भी अब भाजपा की होली जलानेसे पहले सौ बार सोचेंगे ,क्योंकि उसके सामने हृदयहीन हुरियारे हैं। उन्हें सियासत में रंग चाहिए ही नहीं ,वे तो ज्यादा रंगीन रहने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्रष्ट्रीय स्तर पर अभियान छेड़े हुए है।

हमारी सनातनी मान्यताओं वाली सरकार ने चुन-सुनकर अपने विरोधियों को होली के मैदान से बाहर कर दिया है । भाजपा के मित्र रंगों की जगह प्रतिकार की ,अदावत की होली खेलने लगे हैं भाजपा को अपने प्रतिद्वंदियों को या तो जेल भेजने में मजा आता है फिर अपनी पार्टी में शामिल करने में मजा आता है। केजरीवाल के पहले जितने भी कापुरुष थे से एक-एककर भाजपा में शामिल हो गए हैं। जो बचे हैं उनके लिए भी शरणार्थी शिविर खुले हैं। शरणार्थियों के साथ वो ही बर्ताव किया जाता है जो विभीषणों के साथ किया जाता है। मुझे शरणार्थी शिविरों या जेल भेजे गए नेताओं की फिक्र नहीं है । मेरी फिक्र में तो केवल और केवल होली है। मै तो चाहता हूँ कि होली लगातार खेली जाती रहे । होली खेलने के लिए दरियादिली जरूरी है न कि रंग। देश के सबसे बड़े हुरियारे लालू प्रसाद यादव की होली पर हमेशा याद आती है। अब वे बीमार हैं लेकिन सद्भावना की होली खेलने से अभी उनका मन भरा नहीं है। होली पर अटल बिहारी बाजपेयी कीभी बहुत याद आती है ,वे भी अद्भुद हुरियारे थे। उनका मन भी रंगों से भरा हुआ था। लेकिन हमारे मौजूदा भाग्य विधाता तो खुद होली के मौके पर विदेश निकल जाते हैं। आजकल शायद भूटान में हैं। भ्ष्टार्चार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए दिल्ली की सत्ता में तीसरी बार आये अरविंद केजरीवाल को जिस शराब नीति [घोटाले] के कारण गिरफ्तार किया गया है उसके बारे ममुझे सिर्फ इतना कहना है कि देश में जितने भी राज्यों में शराब की नीतियां बनाएं जातीं हैं वे उसी तरह बनाई जाती हैं जैसे की दिल्ली में बनाई गयी । शराब का कारोबार न हो और उसमें घोटाले न हों तो देश में न सिंगल इंजिन की सरकार चले और न डबल इंजिन की सरकार। गुजरात और बिहार में शराब का कारोबार सरकार नहीं करती तो वहां शराब का अनीति का कारोबार चलता है। मप्र में ही डबल ईंजिन की सरकार की शराब नीति के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और निवर्तमान भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा कपडे फाड़ते रह गयीं लेकिन अपने किसी मुख्यमंत्री को ईडी के हवाले नहीं करा पायीं। कोई माने या न माने लेकिन मेरा अनुभव है कि शराब ही राज्य सरकारों के सिंगल और डबल इंजिनों का असली ईंधन है। बहरहाल आप सब होली मनाइये और कोशिश कीजिये कि देश में अदावत न समाज में पनपे और न सियासत में। जो ऐसा कर रहे हैं उन्हें निबटाने के लिए वोट का हथियार आपके हाथ में है । इसका इस्तेमाल समाज का सौहार्द बचाने में जरूर करें। वोट ही आपकी होली को बेरौनक होने से बचा सकता है। इस बार चूके तो फिर शंख बजाते रह जाएंगे आप ! होली की हार्दिक शुभकामनाएं। शुभकामनाएं उन्हें भी जो जेल के बाहर हैं और उन्हें भी जो जेलों के भीतर हैं।

कॉपोर्रेट कंपनी जैसे दलों द्वारा हाईजैक जनतंत्र

-अमित त्यागी

लोकतन्त्र का वर्तमान स्वरूप कॉपोर्रेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया, अन्ना हजारे कोई नहीं बनना चाहता बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है जो अपने पुरूषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है। लोक के माध्यम से धन नहीं कमाया जा सकता है किन्तु तंत्र के माध्यम से सम्पदा कमाई जा सकती है। तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहाँ स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं किन्तु स्व हितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक है। सम्पूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है, ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गये हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग अब पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में। लोकतन्त्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमे चार पाँच दल आपस में प्रतिद्वंदिता रखते हुये विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नयी व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुये सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है। एलेक्टोरल बॉन्ड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कॉपोर्रेट नाम एलेक्टोरल बॉन्ड है। राजनीतिक दलों में कार्यकताओं को मशीन के पुर्जे की तरह उपयोग किया जा रहा है। पुर्जे बदलते रहो और मशीन चलती रहेगी। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुये जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं।

लोकतन्त्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है ? शायद नहीं। तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है। जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। या यूं कह सकते हैं कि पहले से ज्यादा पैशाचिक रूप से बाहर आ गयी है। तंत्र और तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह वही तंत्र है जिसे ब्रिटेन ने अपने गुलाम देशों के शोषण के लिए बनाया था। इसी कारण लोक के धन पर लगातार तंत्र से जुड़ा एक छोटा सा देश ब्रिटेन लगातार अमीर होता जा रहा था और लोक से जुड़े उसके कब्जे वाले देश लगातार गरीब होते चले जा रहे थे। अब इसमे ब्रिटेन के स्थान पर राजनीतिक दलों के आलाकमान हैं और छोटे देशों के स्थान पर इन दलों के छोटे कार्यकर्ता है। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है।

सब्सिडी वाली बिजली बढ़ा रही है जल संकट

- डॉ.अजीत रानाडे

जनसंख्या के दबाव के अलावा पानी आपूर्ति के मौजूदा स्त्रोतों की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट भी एक महत्वपूर्ण घटक है। यह अपर्याप्त जल शुद्धिकरण या आर्सेनिक विषाक्तता जैसी घटनाओं के परिणामस्वरूप होता है। संसद में एक लिखित जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों के 230 जिलों में भूजल में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पाया गया। भूजल प्रदूषण एक गंभीर मामला है जो पानी की कमी की समस्या को और अधिक तीव्र बना देती है। इसके अलावा निजी कुंओं से भूजल का नासमझी भरा अतिदोहन इसे और अधिक भयावह बना देता है।

गुजरात में रासायनिक प्रक्रिया में पानी का अत्यधिक उपयोग करने वाले एक कारखाने में पानी की भारी समस्या थी। यह गर्मियों की शुरूआत का समय था। औद्योगिक उपयोग के लिए सुनिश्चित पानी की आपूर्ति नहीं हो रही थी। योग्य उपयोग और रीसाइकलिंग के बावजूद पानी की भारी कमी थी जिससे कारखाने के बंद होने का खतरा था। मैनेजर को करीब 1500 रुपये में 5000 लीटर की दर से खरीदकर टैंकर का पानी भरना पड़ा। वह और भी ऊंची बोली लगाने को तैयार था। उसे प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकों की जरूरत थी। कारखाने में पानी की कमी होना पड़ोस के किसानों के लिए अच्छी खबर थी। अधिकांश किसानों के खेतों में बोरवेल थे। ये बोरवेल खेतों में उगा रहे उनकी फसलों के लिए पानी की आपूर्ति के लिए पर्याप्त थे। लेकिन कारखाने को पानी बेचना अधिक आकर्षक था। यह एक अच्छी स्थिति थी जिसके तहत कारखाने ने अपना लाभदायक उत्पादन जारी रखा और किसानों को पानी बेचने से अधिक पैसा मिला।

सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहली बात यह है कि सिर्फ कोई अधिक कीमत चुकाने को तैयार है तो इसका मतलब यह नहीं है कि भूजल को अंधाधुंध तरीके से खत्म किया जाए। निजी लाभ के लिए जल के सामाजिक नुकसान को ताक पर नहीं रखा जा सकता। दूसरे, औद्योगिक रासायनिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए खाद्य फसलों से पानी को मोड़ना निजी दृष्टिकोण से सही हो सकता है लेकिन सामाजिक रूप से बेहतर नहीं है। इस अर्थ में बोरवेल के निजी स्वामित्व के कारण किसानों को भूजल के अत्यधिक दोहन के असीमित अधिकार नहीं मिलते हैं। अत्यधिक सब्सिडी वाली बिजली किसी भी मामले में पानी की पंपिंग को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाती है।

यह एक सच्ची कहानी है जो विभिन्न रूपों में हजारों तरह से घटित हो रही है। यदि अमीर देश के उपभोक्ता भारत के बासमती चावल के लिए अधिक कीमत देना चाहते हैं तो क्या हम चावल के अपने निर्यात को अंधाधुंध बढ़ा सकते हैं? अगर यह किसानों की आय बढ़ाने में मदद करता है तो आम तौर पर कृषि उत्पादन पर सभी निर्यात प्रतिबंधों में ढील दी जानी चाहिए लेकिन इस मामले में, यह पानी के निर्यात के बराबर है जिसकी भारत में भारी कमी है। पिछले साल भारत ने 2.2 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जिससे करीब 90,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा अर्जित हुई थी। लेकिन यह कम से कम 880खरब लीटर पानी के निर्यात की भी राशि थी। हमारे देश के लिए उस जल की कमी की लागत विदेशी मुद्रा में अर्जित की गई राशि से बहुत अधिक है। चीनी निर्यात का भी यही सच है। अपने डॉलर के लिए उच्चतम बोली लगाने वाले को अत्यधिक पानी लगने वाली फसलों को बेचने का तर्क, उद्योग द्वारा निजी बोरवेल से पानी खरीदने के समान है, वह पानी जो खेती के लिए है।

सिर्फ 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर नहीं बल्कि हमें हर दिन पानी की कमी पर विचार करने की आवश्यकता है। भारत में दुनिया की ताजे पानी की आपूर्ति का केवल 2 प्रतिशत है लेकिन विश्व की आबादी के 17 प्रतिशत लोग यहां रहते हैं। बेंगलुरु में कामकाज छोड़कर पानी की एक बाल्टी के लिए लंबी कतारों में खड़े होना लोगों की वर्तमान दुर्दशा की गंभीर याद दिलाता है। कुछ साल पहले हमने महाराष्ट्र के लातूर जिले तक पानी की ट्रेनें चलाई थीं। हरेक ट्रेन में 5 लाख लीटर पानी ले जाया गया था। इन ट्रेनों ने 100 से अधिक फेरियां की थीं। पानी की कमी के कारण थर्मल पावर प्लांट भी बंद हो गए क्योंकि ठंडा करने के लिए पर्याप्त पानी नहीं था। 2017 और 2021 के बीच इस बिजली कटौती का 8.2 टेरावाट घंटे (एक टेरावाट-घंटा (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा की एक इकाई है जो 10 से 12 वाट-घंटे की शक्ति के बराबर होती है)। ऊर्जा या 15 लाख घरों को बिजली आपूर्ति के बराबर होने का अनुमान लगाया गया था। विश्व संसाधन संस्थान का कहना है कि खराब जल प्रबंधन के कारण भारत और चीन जैसे देशों में जीडीपी का नुकसान 7 से 12 प्रतिशत तक हो सकता है। यदि किसी देश में प्रति व्यक्ति उपयोग करने योग्य 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी है तो उस देश को पानी की कमी वाला देश कहा जाता है। भारत में प्रति व्यक्ति उपयोग 1000 क्यूबिक मीटर से बहुत नीचे है। तुलनात्मक रूप से देखें तो संयुक्त राज्य अमेरिका में पानी का उपयोग प्रति व्यक्ति 8000 क्यूबिक मीटर से अधिक है। 1951 में भारत में प्रति व्यक्ति पानी का उपयोग 3000 क्यूबिक मीटर से अधिक था। तो स्पष्ट रूप से बढ़ती आबादी पानी के दबाव का एक कारण है।

जनसंख्या के दबाव के अलावा पानी आपूर्ति के मौजूदा स्त्रोतों की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट भी एक महत्वपूर्ण घटक है। यह अपर्याप्त जल शुद्धिकरण या आर्सेनिक विषाक्तता जैसी घटनाओं के परिणामस्वरूप होता है। संसद में एक लिखित जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों के 230 जिलों में भूजल में आर्सेनिक और 469 जिलों में फ्लोराइड पाया गया। भूजल प्रदूषण एक गंभीर मामला है जो पानी की कमी की समस्या को और अधिक तीव्र बना देती है। इसके अलावा निजी कुंओं से भूजल का नासमझी भरा अतिदोहन इसे और अधिक भयावह बना देता है। अधिक पैसा मिलने के आकर्षण के कारण औद्योगिक उपयोग के लिए बेचे जाने वाले पानी के उदाहरण से यह स्पष्ट है। सस्ती या मुफ्त बिजली से भूजल का अतिदोहन और बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि इसी वजह से थर्मल पावर प्लांटों को ठंडा करने के लिए पानी की कमी होती है जिसके कारण बिजली कटौती की समस्या भी खड़ी हो जाती है।

पानी की कमी से निपटना हमारी सर्वोच्च राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक होना चाहिए जिसके लिए नीतिगत, सरकार के सभी स्तरों पर, नागरिकों से लेकर सामूहिक रूप से प्रत्येक घर के स्तर पर कार्रवाई की जरूरत है। इस कार्रवाई में इन पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। सबसे पहले, वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) को बढ़ावा देते हुए जल संरक्षण।

दूसरा पानी के उपयोग के कौशल में सुधार करना और ज्यादा पानी लगने वाली फसलों को उगाने से दूर जाना या कम से कम उनके उत्पादन की विधि को बदलना। तीसरा, पानी के पुनः उपयोग और रीसायकलिंग को प्रोत्साहित करना। पीने, खाना पकाने और स्नान को छोड़कर लगभग नब्बे प्रतिशत कामों में पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग किया जा सकता है। पुणे शहर में कई रीसाइकलिंग प्लांट शुरू किए गए हैं और नागरिक एक ऐप का उपयोग करके रीसाइकल्ड पानी के टैंकर मुफ्त में बुला सकते हैं। चौथे, हमें जल प्रबंधन के लिए एक व्यापक नीति और विनियमन की आवश्यकता है। क्या हम निजी भूमि पर असीमित भूजल दोहन की अनुमति दे सकते हैं?

पांचवां, जल निकायों के उपयोग पर निगरानी का प्रबंध करने, पता लगाने, रिसाव को कम करने और रोकने या उपग्रह इमेजरी का उपयोग करने के लिए प्रौद्योगिकी अपनाने की शुरूआत करना है। इसमें जलाशयों और टैंकों का पुनरूद्धार भी शामिल है। सामाजिक संस्थाओं ने तमिलनाडु जैसे राज्यों में ऐसे उपक्रम किए हैं। छठवां कदम जन जागरुकता बढ़ाना है। सबसे आशाजनक तरीका है युवा स्कूली छात्रों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है? चाहे वह प्लास्टिक का उपयोग कम करना हो या पटाखे जलाना हो या पानी का संरक्षण करना हो। उनके माध्यम से यह किया जा सकता है। बालवाड़ी स्तर से शुरू करने पर बच्चों के बीच जल संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के व्यापक अभियान का लंबे समय में अधिकतम प्रभाव पड़ेगा। हाल ही में टाटा का एक विज्ञापन जिसमें बच्चों को नर्सरी राइम्स गाते हुए दिखाया गया था (जैक और जिल एक बाल्टी पानी लाने के लिए पहाड़ी पर गए थे, लेकिन वहां पानी नहीं था) जल संकट की जागरूकता की वकालात करने के लिए एक बहुत प्रभावी अभियान का एक उदाहरण था। विश्व जल दिवस पर अपने सबसे कीमती संसाधन के संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराने के लिए यह हमारे लिए सबसे अच्छा अवसर है।

मोदी की गारंटी अभी अरबपतियों के लिए, शेष विकसित भारत-2047 का इंतजार करें

- डॉ. ज्ञान पाठक



मोदी सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाजार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है।

लोकसभा आम चुनाव-2024 की पूर्व संध्या पर, इस सप्ताह हमारे पास दो महत्वपूर्ण समाचार हैं - पहला, भारतीय दुनिया के सबसे दुखी लोगों में से हैं; और दूसरी बात, वायदा किये गये 'अच्छे दिन' केवल देश के शीर्ष 10प्रतिशत लोगों के लिए आये, जो 2022-23 में लगभग 3,758 रुपये प्रतिदिन की औसत आय के साथ राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत कमाने में सक्षम थे, लेकिन निचले 50 प्रतिशत लोग, जो केवल 15 प्रतिशत ही कमा पाये थे, उनकी औसत आय प्रतिदिन 198 रुपये से कम थी।

वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स के अनुसार, भारत ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स में 143 देशों में से 126वें स्थान पर है, जबकि वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोदी शासन के तहत भारत में असमानता उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है, हालांकि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे उभरताऔर विकसित होता हुआ भारत बताते हैं, और 2047 तक विकसित भारत की गारंटी दे रहे हैं, जिनमें उनको भी काफी कुछ मिलेगा जिन्हें अब तक नहीं मिला है।

वर्ल्ड इन इक्वलिटी लैब द्वारा प्रकाशित नितिन कुमार भारती, लुकासचांसल, थॉमस पिकेटी और अनमोल सोमांची द्वारा लिखित 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-23' उपशीर्षक 'द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच, शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन संकेंद्रण के संदर्भ में स्पष्ट हुई है।

रिपोर्ट में पाया गया कि 2022-23 में, मध्य 40 प्रतिशत लोगों की औसत आय केवल 165,273 रुपये प्रति वर्ष (27.3प्रतिशत) थी, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत (57.7प्रतिशत) के लिए यह 13,52,985 रुपये थी। शीर्ष 1 प्रतिशत के लिए 53,00,549 रुपये(22.6प्रतिशत)थी। निचले 50 प्रतिशत की औसत संपत्ति 1,73,184 रुपये (6.4प्रतिशत), मध्य 40फीसदी- 9,63,560 रुपये (28.6प्रतिशत), शीर्ष 10 प्रतिशत की औसत संपत्ति 87,70,132 रुपये (65 प्रतिशत) और शीर्ष 1 प्रतिशत की 5,41,41,525 रुपये (40.1 प्रतिशत) थी।

ऐसी असमानता कैसे पैदा हुई? रिपोर्ट में इस बात के संकेत मिले हैं कि 'शुद्ध संपत्ति के नजरिये से देखने पर भारतीय आयकर प्रणाली प्रतिगामी हो सकती है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भारत में आर्थिक डेटा की गुणवत्ता काफी खराब है और हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। 'इसलिए यह संभावना है कि हमारे परिणाम वास्तविक असमानता स्तरों की निचली सीमा का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम असमानता के अध्ययन को बढ़ाने और साक्ष्य-आधारित सार्वजनिक बहस को सक्षम करने के लिए आधिकारिक डेटा तक बेहतर पहुंच और अधिक पारदर्शिता का आह्वान करते हैं।'

रिपोर्ट में बताया गया है, 'कई पर्यवेक्षकों का मानना है कि अपने दो कार्यकालों के दौरान, इसने (मोदी शासन ने) निर्णय लेने की शक्ति के केंद्रीकरण के साथ-साथ बड़े व्यवसाय और सरकार के बीच बढ़ती सांठगांठ के साथ एक सत्तावादी सरकार का नेतृत्व किया है।'

यह एक गंभीर व्यापक आर्थिक तस्वीर भी पेश करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आधिकारिक आंकड़े मोदी के शासनकाल के दौरान धीमी आर्थिक वृद्धि का सुझाव देते हैं - आय की वास्तविक वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर 2015 और 2016 में 6फीसदी से गिरकर 2017 और 2018 में 4.7फीसदी और 4.2फीसदी हो गई और फिर नाटकीय रूप से 2019 में 1.6फीसदी गिर गई। यह सब कोविड-19 महामारी की चपेट में आने से पहले था और 2020 में आय में 9 फीसदी की गिरावट आई थी। 2021 में आधार-वर्ष प्रभाव था और 2022 में आय में 4.7फीसदी की वृद्धि हुई।... आधिकारिक आंकड़ों पर आधारित अनुमान बताते हैं कि बचत और निवेश दरें 2017-18 तक एक दशक से अधिक समय तक लगातार गिरती रहीं, निर्यात 2014-15 में गिरना शुरू हुआ और सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण और उद्योग की हिस्सेदारी 2013 और 2018 के बीच स्थिर रही।

'बेरोजगारी दर, विशेष रूप से युवाओं (15-29 वर्ष) के बीच, 2011-12 और 2017-18 के बीच काफी बढ़ गई। पिछले लगभग एक दशक से विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक मजदूरी कमोबेश स्थिर रही है। आर्थिक मंदी में योगदान देने वाला एक अन्य संभावित कारक नवंबर 2016 में अर्थव्यवस्था को दिया गया कठोर 'नोटबंदी' झटका था, जब प्रचलन में लगभग 86फीसदी मुद्रा रातों-रात वैध मुद्रा नहीं रह गई थी। हालांकि इस कदम का उद्देश्य मुद्रा नोटों के रूप में संग्रहीत च्काले धनज्ज (बेहिसाब आय) से लड़ना था, लेकिन माना जाता है कि इससे अनौपचारिक क्षेत्र, छोटे-मध्यम व्यवसायों और गरीबों को काफी नुकसान हुआ है, अनुमानों के एक सेट से पता चलता है कि अल्पावधि जीडीपी में 2 प्रतिशत अंक की गिरावट आई।'

मोदी सरकार ने निश्चित रूप से आवास, शौचालय, बिजली और बैंकिंग जैसे विभिन्न बुनियादी ढांचे के लाभों के कवरेज का विस्तार करने में निवेश किया है, जिसे कुछ लोगों ने 'भारत के दक्षिणपंथ का नया कल्याणवाद' कहा है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इन निवेशों से बाजार में क्रय शक्ति में सुधार हुआ है या नहीं। इसके अलावा, हाल के वर्षों में किसी भी एनएसएसओ उपभोग सर्वेक्षण के अभाव में, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में कितनी प्रगति की है।

असमानता की गतिशीलता के संदर्भ में, 2014-2023 के मोदी वर्षों को 3 चरणों में विभाजित किया जा सकता हैः 2014-2017, 2018-2020, और 2021 से आगे। पहले चरण में, अर्थव्यवस्था मामूली तेजी से बढ़ रही थी और आय और धन असमानता दोनों में वृद्धि जारी रही। दूसरे चरण में, 2017-18 से 2020 तक, विकास काफी धीमा हो गया और फिर 2020 में गिर गया। इस दूसरे चरण में, हम शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों की आय और संपत्ति में 1-2 प्रतिशत अंक की गिरावट आई। इसकी सबसे अधिक संभावित व्याख्या असमानता की प्रति-चक्रीय प्रकृति है, यानी अमीरों को तेजी की अवधि से असमान रूप से लाभ होता है और मंदी के दौरान उन्हें असमान रूप से नुकसान होता है। यह सबसे संभावित स्पष्टीकरण प्रतीत होता है, विशेष रूप से यह देखते हुए कि हम इस चरण के दौरान आय और धन दोनों के लिए समान रुझान मिलते हैं।

मुद्दतों से होलियों के ढोल गूँगे हैं!

ऋषभदेव शर्मा

होली! अर्थात, रंगों का त्योहार!! रंगपर्व!!!ङ्क बढ़ती हुई गर्मी और चुनावी सरगर्मी के मौसम में, आनंद-उल्लास के इस पावन पर्व की बधाइयाँ!

यह पर्व याद दिलाता है कि रस, आनंद और समावेशिता में भारत की उत्सवधर्मी संस्कृति के प्राण बसते हैं। यह एक ऐसा उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर लोगों को रंगों और आनंद की बौछारों में सराबोर करता है। जैसे ही होली के दिन सूरज उगता है, सड़कें विनोद, हास-परिहास, संगीत और ढोल की लयबद्ध थाप से जीवंत हो उठती हैं। हर तरह के भेदभावों से मुक्त, रंगों का यह त्योहार निर्ग्रंथ और अकुंठ एकता की स्थायी भावना का प्रमाण है। साथ ही, कलुष और कल्मष पर अच्छाई और सच्चाई की जीत का स्मारक भी।

होली की जड़ें प्राचीन हिंदू पौराणिक कथाओं की जमीन में हजारों हजार साल तक फैली हैं। होली से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध गाथाओं में होलिका और प्रह्लाद की कहानी सर्वविदित है। यह कहानी द्वेष पर सत्य के आग्रह की जीत का प्रतीक है। होलिका दहन हमें तत्वचिंतन और आत्मशुद्धि के लिए प्रेरित करे, तो ही उसकी सार्थकता है न!

होली के दिन जैसे ही भोर होती है, असली उत्सव शुरू हो जाता है। सड़कें और चौराहे रंगों का कैनवास बन जाते हैं। आबालवृद्ध नर-नारी मौज-मस्ती में शामिल होने के लिए एक साथ आते हैं। हाथों और जेबों में चमकीले रंग का गुलाल लिए, वे दुनिया की परवाह किए बिना एक-दूसरे को लाल, हरे, नीले और पीले रंग में रंगते हैं, हँसते हैं और नाचते हैं। यह शुद्ध उल्लास का दृश्य है - होली की आनंदमय भावना का प्रमाण, जिसमें गाली भी अभिनंदन बन जाती है। सारे मनोमालिन्य धुल जाएँ, इस हेतु ही तो रंगों की बौछार की जाती है - ह्यबुरा न मानो होली हैह्ल के निष्कलुष उद्घोष के साथ!

उल्लास की इस सामूहिक अभिव्यक्ति का एक गहरा अर्थ यह भी है कि यह मनुष्य के भीतर छिपी दिव्यता की खोज का पर्व है। वह दिव्यता जो धर्म, भाषा, जाति, वर्ण और देशकाल के भेदों से परे है, शाश्वत और सनातन है। बरसाने से मसाने तक सब ही तो इसमें शामिल हैं। नस्ल, धर्म और विचारधारा के मतभेदों से विभाजित दुनिया को, होली हमारी साझा मानवता की एक खूबसूरत सौगात है। यह विविधता और समावेशिता का उत्सव है। एक ऐसा क्षण जहाँ सब सीमाएँ दरक जाती हैं। प्रेम से गले मिलने का क्षण! सबको सम भाव से अपनाने का क्षण!

हाल के वर्षों में, होली ने पर्यावरण जागरूकता के प्रतीक के रूप में अतिरिक्त महत्व प्राप्त कर लिया है। परंपरागत रूप से, होली के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले रंग टेसू, हल्दी, नीम और गेंदा जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बनाए जाते थे। हमें उस ओर वापस लौटने की जरूरत है, क्योंकि त्योहार के व्यावसायीकरण के कारण प्रचलन में आए सिंथेटिक रंगों में कई तरह के हानिकारक रसायन होते हैं। यही वजह है कि जैविक सामग्रियों से बने पर्यावरण-अनुकूल रंगों का उपयोग करके त्योहार की जड़ों की ओर लौटने का आंदोलन बढ़ रहा है। इसमें पर्यावरणीय प्रबंधन और प्राकृतिक दुनिया के प्रति सम्मान का व्यापक संदेश निहित है। जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संकट के युग में, होली प्रकृति के साथ सद्भाव में रहने के महत्व की भी याद दिलाती है।

इसके अलावा, होली क्षमा और मेल-मिलाप की भावना का प्रतीक है। यह तमाम गिले-शिकवों को भुलाकर क्षमा अपनाने और नई शुरूआत करने का भी प्रव है। संघर्ष और विभाजन से ग्रस्त आज की दुनिया में, सुलह का यह संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। होली हमें सिखाती है कि हमारे मतभेद चाहे कितने भी गहरे क्यों न हों, समझदारी और करुणा के लिए हमेशा जगह होती है।

आइए, होली के इस संदेश को अपने दिलों में जगह देते हुए, दुनिया को सभी के लिए एक उज्ज्वल, बहुरंगी और आनंदपूर्ण जगह बनाने का प्रयास करें!

अंततः, बस इतना और कि-

_मुद्दतों से होलियों के ढोल गूँगे हैं;
झूमकर उनको बजाएँ, आप अपने हैं! (देवराज)

दलित बस्ती में बच्चों साथ शानू ने मनाई होली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला मुख्यालय स्थित शंकर बाजार कर्वी में अति पिछड़े क्षेत्र सेवा बस्तियों के बच्चों को समाजसेवी शानू गुप्ता ने रंग-पिचकारी आदि सामग्री बांटकर होली मनाई। धर्मनगरी की खटकाना दलित बस्ती, मलिन बस्ती व अन्य सेवा बस्तियों के जरूरतमंद बच्चों को समाजसेवी/व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने होली पर्व पर रंग, पिचकारी, अबीर, गुलाल, मुखौटा, टोपी, गुब्बारे आदि बांटकर बच्चों के साथ होली मनाई।

शनिवार को समाजसेवी/व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि अति पिछड़े क्षेत्र के सेवा बस्तियों के जरूरतमंदों को त्योहारों व अवसरों तथा संकट पर प्रोत्साहित करना व मदद करना सामाजिक कार्यों में शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि परहित सेवा करना प्रत्येक मानव का नैतिक दायित्व है। समय-समय पर कोल आदिवासी बस्तियों से लेकर दलित मलिन बस्ती तक जरूरतमंदों की समस्याओं पर मदद का प्रयास उनके जीवन का महत्वपूर्ण कार्य है। सभी लोग होली पर्व पर आपसी बुराइयों को त्यागकर भाईचारे से होली मनायें। प्रयास करें कि इस दिन हर्बल कलर व फूलों से बने रंगों का प्रयोग करें। इस मौके पर व्यापारी नेता शेशू जायसवाल, विनोद आर्या, संतोष गुप्ता, विष्णु केशरवानी, रूपेश निगम, सीताराम श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, अतुल रैकवार, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार, राजाराम विश्वकर्मा, निखिल सृष्टि, शानवी, कीर्ती, अमित, अभिषेक, सुमित नाहर, राज प्रजापति, पलक, मिस्टी, सुमन आदि मौजूद रहे।

बच्चों के साथ होली मनाते शानू।

स्पोर्टस कालेज मुख्य खेल परीक्षा में 25 खिलाडी चयनित

चित्रकूट। स्पोर्टस कालेज प्रधानाचार्य/सचिव ने अंतिम चयनित सूची में 25 खिलाडियों का चयन किया। एथलेटिक्स, बैटमिंटन, क्रिकेट, फुटबाल, हाकी, जूडो, कबड्डी के खिलाडी चयनित हुए।

शनिवार को सभी खिलाडियों के चयन बाबत जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी व एसोसिएशन के विवेक अग्रवाल, श्याम सुन्दर, श्रीकेशन, अंगद सिंह व खेल विकास प्रोत्साहन समित के अजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, मयंक गोयल, डा सुधीर अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता आदि ने बधाई दी।

एसपी के निर्देश पर 11 पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 11 लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हुई है।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने कल्लू यादव उर्फ ओमप्रकाश पुत्र जागेश्वर रामपुर, अखिलेश उर्फ कुमकुम पुत्र राधेकृष्ण उपाध्याय नहरा, भैरव लाल उर्फ भैरवदयाल उर्फ भूरा पुत्र भगौना औदहा, तुलसी पुत्र बंसी गड़ौली के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने राजबहादुर पुत्र स्व फेरम नोनार, रिंकू उर्फ संजय पुत्र प्रेमचन्द्र कोटार्य सिकरीसानी, सोनू यादव पुत्र सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रसाद मकरी पहरा पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने कल्लू कोल पुत्र ललिवा सकरौंहा, अजय कुमार पुत्र रामलखन गुरौला पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या ने अमर बहादुर पुत्र साहबदीन, देशराज पुत्र साहबदीन किटहाई खोहर पर 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

एसपी अरुण कुमार सिंह।

नटन पुरवा में घटिया सामग्री से बन रही सडक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रामनगर ब्लाक के बांधी गांव के मजरा नटन पुरवा में ननकू के घर से नहर तक बन रही इंटरलॉकिंग सडक में जमकर धांधली हो रही है। शनिवार को रामनगर ब्लाक के नटन पुरवा में इंटरलॉकिंग सडक में प्रधान प्रमोद उर्फ पप्पू जमकर धांधली कर रहा है। बताया गया कि सडक में न गिट्टी व मसाला नहीं डलवाया। ईंटा भी घटिया किस्म का लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान प्रमोद उर्फ पप्पू ने खुद कारीगरों से कहा है कि गिट्टी व बालू ज्यादा न डालो। लोस चुनाव में कोई अधिकारी कुछ नहीं बोलेगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान से कहा कि सडक बनवाना है तो सही ढंग से बनवाओ, अन्यथा न बनाओ। प्रधान ने कहा कि 11 फीसदी बीडीओ व दस फीसदी सचिव कमीशन लेता है। तो काम इसी तरह होगा, जो करना हो कर लो। योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति को फेल करने वाले अधिकारी व प्रधान पर क्या कार्यवाही होगी।

मारकुण्डी पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण कर दिया भरोसा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण, भयमुक्त व स्वतंत्र सम्पन्न कराने को थानाध्यक्ष मनीष कुमार की अगुवाई में मारकुण्डी पुलिस ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ क्षेत्र के छेरिया बुजुर्ग, करौंहा, गोपीपुर व मारकुण्डी कस्बे में भ्रमण कर मतदान केन्द्र देखे। शनिवार को थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने सशस्त्र बल के जवानों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर जनता को भरोसा दिया कि निर्भीक होकर स्वतंत्र मतदान करें। किसी के दबाव या प्रलोभन में आकर मतदान न करें। किसी के दबाव या प्रलोभन देने की जानकारी थाना पुलिस को दें।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को जी-जान से रहें तत्पर: बीईओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। महामति प्राणनाथ डिग्री कॉलेज में मऊ ब्लाक के सभी परिषदीय विद्यालयों के एसएमसी अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिवों प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई।

शनिवार को कार्यशाला में मऊ के नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक गर्ग भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्षों को विद्यालय प्रबंध समिति की उपादेयता उपयोगिता पर रोशनी डाली व महत्व समझाया। विद्यालय प्रबंध समिति प्रशिक्षण कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर रवि गुप्ता ने एसएमसी गठन, दायित्व पर चर्चा की। सभी सदस्यों व पॉजिटिव पेरेंटिंग के लिए समुदाय को जागृत करने को कहा। मास्टर ट्रेनर दानिश मियां रिजवी ने विद्यालय प्रबंध समिति में समुदाय की भूमिका पर रोशनी डाली। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडे ने सभी अध्यक्षों, सचिवों से समुदाय के अच्छे सहयोग व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को जी-जान से तत्पर रहने को कहा।

इस मौके पर आलोक गर्ग, शारदेन्दु शुक्ला, सत्येंद्र सिंह श्रीनेत, अजय भारतीय, सभी एआरपी, ब्लॉक मऊ नोडल संकुल समेत वरिष्ठ शिक्षक त्रिलोकनारायण पांडे, हनुमान सिंह, वीरभान सिंह, वीरेंद्र श्रीवास्तव, लवकुश द्विवेदी, ज्ञान सिंह, संतोष मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, विवेक तिवारी, विभिन्न विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मूलचंद, श्याम, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में बोलते नायब तहसीलदार।

25 लीटर महुआ शराब बरामद कर 1200 किग्रा लहन किया नष्ट

लहन नष्ट करते आबकारी निरीक्षक।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के आबकारी आयुक्त के आदेश पर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर कोतवाली कर्वी के भैरोपागा मंदाकिनी नदी किनारे आबकारी विभाग ने दबिश देकर मौके से 25 लीटर महुआ शराब बरामद कर 1200 किग्रा लहन नष्ट किया। शनिवार को तहसीलदार कर्वी के साथ आबकारी निरीक्षक ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। आबकारी टीम में प्रफुल्ल कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, आजाद खान, हामिद खान, प्रधान आबकारी शिव सागर, लालचन्द्र, लालाराम आदि शामिल रहे। शराब मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की गई।

तानाशाह को उखाड फेकें युवा: का रुद्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने 23 मार्च शहीद दिवस पर कहा कि लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ व शहीदों की विरासत बचाओ के स्थान पर देश में कारपोरेट, साम्प्रदायिक गठजोड़ कर छल-बल से सत्ता हासिल कर मजदूर किसान को किनारे लगाने में जुटे हैं। तानाशाही चरम पर पहुंच गई है, इसे उखाड़ फेकें।

शनिवार को किसान सभा कार्यालय में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर हुई बैठक में उप्र किसान सभा राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि भगत सिंह के विचारों को नौजवान अपने जीवन में उतार कर तानाशाही से मुकाबला करने को सड़कों पर उतरें। संविधान, लोकतंत्र बचाने को तानाशाह को उखाड़ फेकें। अन्यथा आने वाले समय में नौजवानों को कोई माफ नहीं करेगा। कारपोरेट, साम्प्रदायिक गठजोड़ ने गरीबों-मजदूरों के हक छीन लिये हैं। महंगाई, बेरोजगारी सुरसा की भांति बढ़ रही है। स्वास्थ्य व सुरक्षा ने नौजवानों को विकलांग बना दिया है। साम्प्रदायिकता का खेला बढ़ रहा है। इस मौके पर का छवि बौरिया, का पूनम वर्मा, का शिवम द्विवेदी, का शिवप्रसाद, का रामप्रताप विश्वकर्मा, का गिरधर मिश्रा, का शिवमोहन यादव एड, का चुनकूराम पाल एड, का संतशरन, बाबूराम व मनघूमन आदि मौजूद रहे।

भगत सिंह का शहीद दिवस मनाते किसान सभा के लोग।

मृतका किसान महिला ने की आंखें दान

चित्रकूट। मऊ तहसील के बियावल गांव की महिला किसान स्व संपतिया देवी की इच्छा थी कि उसके मरने के बाद आंखें दान की जायें। स्व संपतिया देवी के पुत्र शिवनायक सिंह, मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मां की इच्छा पूरी करने को आंखें दान देकर दृष्टिहीन लोगों के अंधकारमय जीवन में उजाला किया जाये। शनिवार को सद्गुरू आई बैंक एसोसिएशन जानकीकुंड के डॉक्टरों की टीम ने नेत्रदान में सहयोग कर स्व संपतिया देवी की आंखें लेकर किसी के अंधकार मय जीवन को उजाला करने में सहयोग करेंगे। किसान परिवार का आभार जताते हुए प्रमाण पत्र दिया। स्व संपतिया देवी के पुत्रों ने समाज में अनोखी पहल की है। जो समाज के लिये प्रेरणा बनेगी। ये जानकारी भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह दी।

खाद्य दुकानों में जारी है छापेमारी, 25 नमूने लिये: सीआर प्रजापति

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। होली पर्व पर आम जनता को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य पेय पदार्थ सुलभ कराने व मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ जारी अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की।

शनिवार को तहसील राजापुर में नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ खोया व मिठाई के तीन नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला भेजे गये। जिले में खाद्य दुकानों का निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि प्रवर्तन टीम जिले में जगह-जगह छापेमारी कर विभिन्न खाद्य पदार्थों पेडा, पनीर, रिफाइंड तेल, सरसो तेल, कचरी, दूध, दही, खोया आदि के 25 नमूने लिये हैं। नमूनों की जांच को प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट मिलने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारी पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। खाद्य कारोबारियों को चेताया कि सुरक्षित खाद्य पदार्थों के क्रय-विक्रय व लेबलिंग तथा पैकेजिंग बाबत जानकारी दी।

नमूने लेती जांच टीम।

चुनाव कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को किया प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में सीओ सिटी/चुनाव राजकमल की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में थाना/चैकी प्रभारी चुनाव का कार्य देख रहे चुनाव नोडल/दरोगा, चुनाव मुंशी, सीसीटीएनएस का कार्य देखने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर/सिपाहियों को क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की आईसीपीसी फीडिंग बाबत प्रशिक्षित किया।शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने सीपीएमएफ के ठहरने, स्कूलों/स्थानों के लाइजनिंग अधिकारियों को चुनाव बाबत दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सीसीटीएनएस जिला कोआर्डिनेटर मनीष वर्मा ने सीसीटीएनएस बाबत सभी फार्मों की फीडिंग शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये। मीटिंग दौरान चुनाव सेल प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, निरीक्षक शम्भू दयाल मौर्य, थानों में तैनात लाइजनिंग अधिकारी/चुनाव मुंशी मौजूद रहे।

तमंचा में एक दबोचा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा अब्दुल खलील ने राजुल पटेल पुत्र रामलखन पटेल उड़कीमाफी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अब्दुल खलील, सिपाही राममूरत मिश्रा व नन्हे यादव शामिल रहे।

छह के कब्जे से सौ क्वार्टर देशी-39 लीटर महुआ शराब बरामद

दो कुंतल लहन व शराब बनाने के उपकरण किये नष्ट

लहन नष्ट करती पुलिस।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने छह लोगों के कब्जे से सौ क्वार्टर देशी व 39 लीटर महुआ शराब बरामद कर दो कुंतल लहन तथा शराब बनाने के उपकरण नष्ट किये।

शनिवार को भरतकूप थाने के दरोगा रामकुमार ने चिरौंजीलाल पुत्र जौहरीलाल मुकुन्दपुर के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा अजहर जमाल ने पुतीलाल उर्फ लवलेश पाण्डेय पुत्र सीताराम इटखरी भैसौंधा के कब्जे से नौ लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने खोजेलाल वर्मा पुत्र मलिक वर्मा करारी गोंडा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने ज्ञानेन्द्र द्विवेदी पुत्र राजनारायण तीर धुमाई गंगू के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने सुरेश पुत्र नत्थू प्रसाद बरिया के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा मुकेश सिंह परिहार ने आनंद कुमार उर्फ झुल्लू कोल पुत्र रज्जा कोल आमरपुरवा मजरा ऊंचाड़ीह के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब, दो कुंतल लहन व शराब बनाने के उपकरण समेत गिरफ्तार किया।

एडीएम-एएसपी ने 80 वर्ष पूरी कर चुके मतदाताओं का किया अभिनन्दन, एसडीएम ने भी की वार्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेशचन्द्र निगम व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में विधानसभा 236 चित्रकूट के मतदान केन्द्र बंदरी, बारामाफी, लोढवारा का स्थलीय निरीक्षण किया।

शनिवार को एडीएम-एएसपी ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से चर्चा की। संवेदनशील मतदान केन्द्र प्रावि बंदरी निरीक्षण दौरान मौके मौजूद मतदाताओं को निर्भीक होकर स्वेच्छा से मतदान करने को अपर जिलाधिकारी ने प्रेरित किया। कहा कि सभी मतदाता मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधायें देखी। संतोषजनक मिलने पर अपर जिलाधिकारी ने केन्द्र में मौजूद 80 वर्ष से अधिक आयु पूरी करने वाले मतदाता बसंता पुत्र ऊधव निवासी बंदरी को फूल-माला पहनाकर अभिनन्दन किया। उनसे मताधिकार का प्रयोग का अनुरोध किया। मतदाता ने कहा कि लोकसभा चुनाव 20 मई को जिले में हैं। मतदान के दिन वह मतदान केन्द्र जाकर निर्भीकता से स्वेच्छा से मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं को जागरूक करने को स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

मतदान केन्द्र प्रावि बारामाफी का स्थलीय निरीक्षण एसडीएम सदर सौरभ यादव ने किया। मौके पर मौजूद मतदाताओं से निर्भीक होकर मत का प्रयोग करने का अनुरोध किया। केन्द्र में मतदान की सभी मूलभूत सुविधायें मिलीं। केन्द्र में मौजूद 80 वर्ष आयु पूरी कर चुके मतदाताओं को फूल-माला पहनाकर अभिनन्दन किया। अनुरोध किया कि वह अनिवार्य रूप से मतदान करें। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। मतदान केन्द्र लोढवारा निरीक्षण दौरान मौजूद सभी मतदाताओं को उप जिलाधिकारी कर्वी ने 20 मई को मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया। कहा कि सभी मतदाता स्वेच्छा से निर्भीक होकर मत का प्रयोग करें। केन्द्र में मूलभूत सुविधायें मिली। स्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

मतदाताओं से बात करते एडीएम-एएसपी।

एसडीएम-सीओ ने देखे अतिसंवेदनशील बूथ

चित्रकूट। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की मौजूदगी में चुनाव को सरधुवा थाने के अति संवेदनशील व संवेदनशील मतदान केन्द्र लमियारी, दरसेंड़ा का निरीक्षण किया। शनिवार को एसडीएम-सीओ ने थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को देखा। क्षेत्र के लोगों से कहा कि निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करें। मतदान में कोई बेजा दबाव डाले या प्रलोभन दे, उसके खिलाफ थाने में सूचना दें।

विदेश संदेश

चीनी ठगों के जाल में फंसे 13 नेपाली नागरिक म्यांमार से मुक्त कराकर नेपाल लाए गए

काठमांडू। चीन के आपराधिक समूह के जाल में फंसे 13 नेपाली नागरिकों को म्यांमार से मुक्त कराकर नेपाल वापस लाया गया है। ये लोग नौकरी के नाम पर झांसा देकर यांगून के रास्ते सुदूर गांव में बन्धक बना कर रखे गए थे।

डिजिटल ठगी के धंधे में रहे चीनी आपराधिक समूह ने नौकरी का झांसा देकर इन नेपाली नागरिकों को बैंकाक के रास्ते वहां से 700 किलोमीटर दूर म्यांमार और बैंकाक के बॉर्डर के एक गांव में बन्धक बना कर रखा था। काठमांडू के अखबार में नौकरी का विज्ञापन देकर बाकायदा परीक्षा और इंटरव्यू लेने के बाद इन्हें नौकरी पर ले जाया गया था। बाद में बैंकाक के नाम पर जब म्यांमार बॉर्डर पहुंचाया गया, तब इन सबका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया।

थाईलैंड और म्यांमार स्थित नेपाली दूतावास के समन्वय में इन 13 नागरिकों को सीमावर्ती उस गांव से सुरक्षित बाहर निकाला गया था। इस कार्य में दोनों देशों के सुरक्षाकर्मियों की सहायता ली गई थी। म्यांमार स्थित नेपाल के राजदूत हरिश्चन्द्र घिमिरे ने बताया कि इन नेपाली नागरिकों को जहां बन्धक बनाया गया था, वहां म्यांमार के विद्रोही समूह का कब्जा है। उन्होंने बताया कि मुक्त कराए गए नेपाली नागरिकों को विद्रोही समूह की नजर से बचाने के लिए स्थानीय मेनपावर एजेंट को रिश्वत देनी पड़ी, जिसके बाद उन्हें चीनी समूह के बन्धकों से छुड़ा कर थाईलैंड की सीमा में प्रवेश कराया गया।

घिमिरे ने बताया कि चूंकि चीनी आपराधिक समूह ने इन सबके पासपोर्ट जब्त कर लिये थे, इसलिए थाईलैंड सरकार की तरफ से इन सबके लिए ट्रैवल डॉक्यूमेंट जारी कर वीजा उपलब्ध कराया गया था। बैंकाक के रास्ते इन नेपाली नागरिकों को शनिवार सुबह काठमांडू लाया गया है। सरकार ने इनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। इन सभी से अभी विदेश मंत्रालय, अध्यागमन विभाग के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। सरकार नेपाल के मेनपावर कंपनी का पता लगा रही है, जिसने इन्हें वहां भेजने में चीनी आपराधिक समूह की मदद की थी।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने मुक्त कराए गए नेपाली नागरिकों के हवाले से बताया कि इनसे वहां पर रात के 9 बजे से अगले दिन दोपहर के 1 बजे तक लगातार काम करवाया जाता था। म्यांमार से बच कर लौटे नेपाली नागरिकों ने पूछताछ में यह भी बताया कि उन्हें फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टिकटॉक के फर्जी अकाउंट बना कर उसके जरिए ऑनलाइन गैंबलिंग कराया जाता था। कई बार लोगों को मैसेज भेज कर उनसे अपने अकाउंट में पैसे भी मांगने के लिए कहा जाता था।

नेपाल में हिन्दू धर्म के प्रति अनास्था फैलाने के लिए अमेरिका ने खर्च किए 5 लाख डॉलर: ब्रिआन मास्ट

काठमांडू। अमेरिकी संसद में नेपाल में हिन्दू धर्म के प्रति अनास्था फैलाने के लिए 05 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च किए जाने का खुलासा हुआ है। यह खुलासा एक अमेरिकी सांसद ने ही किया है। अमेरिका के सांसद ब्रिआन मास्ट ने संसद में एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बाइडेन प्रशासन से सवाल किया कि आखिर अमेरिकी सरकार नेपाल में धार्मिक अनास्था फैलाने के लिए करोड़ों रुपये क्यों खर्च कर रही है? सांसद मास्ट ने सरकार पर अमेरिकी जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नेपाल में सनातन धर्म को कमजोर करने और उसके खिलाफ अभियान चलाने के लिए सरकार ने 05 लाख डॉलर किसलिए खर्च किया? सांसद ने सरकार से सवाल किया कि किसी देश में उसके मौलिक धर्म संस्कृति को नष्ट करने के लिए 05 लाख डॉलर खर्च करना कितना सही है?

मास्ट के सवाल के जवाब में सहायक विदेश मंत्री रिचर्ड राहुल वर्मा ने कहा कि इस रिपोर्ट में कोई सच्चाई नहीं है। मंत्री ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि जिस धार्मिक अनास्था की बात रिपोर्ट में की गई है यह उस तरह का विषय नहीं है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट सांसद मास्ट ने नेपाल में किन संस्थाओं के जरिए पैसे खर्च किया गया और कितनी बार इस काम के लिए सरकारी यात्रा की गई उन सबका विवरण सार्वजनिक किया। मास्ट ने बताया कि बाइडेन प्रशासन ने ह्यूमनिस्ट इंटरनेशनल नामक गैर सरकारी संगठन के जरिए यह रकम खर्च किए जाने का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि इस संस्था की वेबसाइट में इस बात का विस्तृत विवरण है कि किस तरह से नेपाल में धार्मिक अनास्था फैलाने के लिए रकम खर्च किए गए।

रूस ने यूक्रेन पर किया हमला, 5 लोगों की मौत और दर्जनों घायल

कीव। यूक्रेन पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमले में लगभग 26 अन्य लोग घायल हुए हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा, "रूस ने मिसाइलों से दक्षिणी जापोरिजिया क्षेत्र में यूक्रेन के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक स्टेशन निप्रोहेस को निशाना बनाया। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में दो लोग मारे गए और 11 घायल हो गए। हमले से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

हवाई हमले को यूक्रेनी अधिकारियों ने देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया, जिससे 100 से अधिक इमारतों और ऊर्जा (एनर्जी) सुविधाओं को नुकसान पहुंचा।

इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि रूसी सेना ने शुक्रवार को यूक्रेन में ऊर्जा और सैन्य सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

भूटान में भारत की धूम, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का आज आखिरी दिन

थिम्पू। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिवसीय राजकीय यात्रा का आज (शनिवार) आखिरी दिन है। भूटान में चारों ओर भारत की धूम है। लोग भारत-भूटान के मध्य मजबूत हो रहे रिश्तों से बेहद खुश हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज थिम्पू में ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा मातृ एवं शिशु अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। थिम्पू में इस अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण भारत सरकार की सहायता से किया गया है। कल (शुक्रवार) यहां पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान पाने वाले वो किसी विदेशी सरकार के पहले प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान "भारत-भूटान संबंधों के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और भूटानी राष्ट्र व इसके लोगों के वास्ते उनकी विशिष्ट सेवा" के लिए प्रदान किया गया है। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नांग्याल

वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया। सम्मान की घोषणा भूटान के राजा ने 17 दिसंबर, 2021 को 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान के प्रति भूटान का आभार प्रकट करते हुए इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, "ये सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। ये भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। भूटान की इस महान भूमि पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से ये सम्मान नम्रता से स्वीकार करता हूं। इस सम्मान के लिए आप सभी का हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-भूटान की साझेदारी केवल जमीन और पानी तक ही सीमित नहीं है। भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार है। भूटान के वैज्ञानिकों ने इसरो के साथ मिलकर सैटेलाइट लॉन्च किया है। भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं एक जैसी हैं। भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का निर्णय लिया है। भूटान ने 2034 तक "उच्च आय" देश बनने का फैसला किया है।

भूटान को उसके लक्ष्यों को पाने में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत "बीबी"- ब्रांड भूटान और भूटान "बिलीव" के लिए आपके साथ खड़ा है। आने वाले पांच साल हमारे संबंधों को एक नई ऊर्जा देंगे। हम कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे, व्यापार और ऊर्जा क्षेत्रों में रास्ते बनाने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के पहले दिन के कुछ फोटो एक्स हैंडल पर साझा किए हैं।

मॉस्को में आतंकी हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली

मॉस्को। कुख्यात आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) ने रूस की राजधानी मॉस्को पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने समाचार

एजेंसी अमाक में बयान जारी कर कहा कि उसने मॉस्को के बाहरी इलाके क्रास्नोगोर्स्क शहर में ईसाइयों की एक बड़ी सभा पर हमला किया। इसमें बड़ी तादाद में लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए हमले में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। यह हमला शुक्रवार शाम हुआ। तास समाचार एजेंसी ने रशियन जांच एजेंसी के एक सूत्र के हवाले से कहा है कि असॉल्ट राइफलों से लैस अज्ञात बंदूकधारियों ने क्रोकस सिटी हॉल में धावा बोला और गोलीबारी की। इस दौरान किए गए विस्फोट से इमारत हिल गई और उसमें आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई है कि आतंकवादी हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए। मॉस्को समयानुसार सुबह 2:00 बजे तक 80 लोगों को मॉस्को के अस्पतालों में ले जाया गया। इसके कुछ देरबाद अस्पताल में भर्ती कराए गए 145 लोगों की सूची स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर अपडेट की गई है। इस बीच, मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अगले दो दिनों में राजधानी में सभी सामूहिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

एयर इंडिया पर डीजीसीए ने 80 लाख रुपये का लगाया जुमार्ना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा समूह की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। डीजीसीए ने उड़ान के वक्त नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की है।

विमान नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। यह जुमार्ना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। एयरलाइन पर यह कार्रवाई जनवरी के ऑडिट में हुए कई खुलासों के बाद की गई है।

विमानन नियामक डीजीसीए ने जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किए थे जिसकी चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में जरूरी आराम न देने, लेओवर के दौरान जरूरी आराम न देने का मामला सामने आया था। रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी। डीजीसीए के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती।

केंद्र ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने प्याज की कीमत को काबू में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। प्याज के निर्यात पर दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा है कि प्याज के निर्यात पर लागू मौजूदा प्रतिबंध

अगली सूचना तक जारी रहेगा। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए दिसंबर में प्रतिबंध लगाया था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। लोकसभा चुनाव से भारत सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर 2023 के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 यूएस डॉलर) प्रति क्विंटल हो गई हैं। हालांकि, देश के अधिकांश राज्यों में प्याज का मौजूदा खुदरा भाव 30 रुपये प्रति किलोग्राम है।

देशभर में होली के त्योहार पर 50 हजार करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

नई दिल्ली। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देशभर के व्यापार में करीब 50 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जताया है। इससे देशभर में 50 हजार करोड़ से अधिक का व्यापार का अनुमान है। अकेले दिल्ली में ही 5 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को कहा कि इस बार होली की त्यौहारी बिक्री में चीन के बने सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने पूर्ण बहिष्कार किया है। उन्होंने बताया कि होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का होता है, जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने गाजा में चार नागरिकों पर हुए हमले की जांच का आह्वान किया

महाराष्ट्र : इकबाल चहल सीएमओ में अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्तमुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर क्या बोले विपक्षी नेता, आप ने जताई सुरक्षा की चिंता

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस ड्रोन फुटेज की जांच का आह्वान

किया है जिसमें गाजा में चार नागरिकों पर इजरायली हमले को दिखाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, "महासचिव उस वीडियो से बहुत परेशान हैं जिसमें कथित तौर पर गाजा में चार फिलिस्तीनियों को इजरायली हवाई हमलों में मारा गया था। निहत्थे चलते नागरिकों को निशाना बनाया गया था।"

फरहान हक ने कहा, "एंटोनियो गुटेरेस ने इन घटनाओं की गहन, स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध के सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए।"

एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट से मिले वीडियो में देखा गया कि चार लोग निहत्थे रोड पर चल रहे थे। एक इजरायली ड्रोन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग मौके पर मौत हो गई। वहीं एक जिंदा बचे व्यक्ति को भागने का प्रयास करते देखा गया। दूसरे हमले में वह भी मारा गया। जबकि, दूसरे अन्य व्यक्ति को रोड पर लड़खड़ाते हुए देखा गया, उस पर एक और मिसाइल हमला हुआ जिसमें उसकी भी मौत हो गई।

मीडिया आउटलेट के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि हमला फरवरी 2024 की शुरूआत में हुआ था, जब अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट ने इजरायल को नरसंहार के कृत्यों से बचने के लिए सभी उपाय करने का आदेश दिया था।

मॉस्को में आतंकवादी हमला, 60 से अधिक लोगों की मौत, 80 घायल

मॉस्को,। रूस की राजधानी मॉस्को के क्रास्नोगोर्स्क शहर के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए आतंकवादी हमले में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, यह हमला शुक्रवार शाम हुआ। तास ने रशियन जांच एजेंसी के एक सूत्र के हवाले से कहा है कि असॉल्ट राइफलों से लैस अज्ञात बंदूकधारियों ने क्रोकस सिटी हॉल में धावा बोला और गोलीबारी की। इस दौरान किए गए विस्फोट से इमारत हिल गई और उसमें आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह पुष्टि हुई है कि आतंकवादी हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए।

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटनास्थल पर अपराध और रूसी जांच समिति के विशेषज्ञ आंतरिक मामलों के मंत्रालय और संघीय सुरक्षा सेवा की संचालन इकाइयों के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं। क्रास्नोगोर्स्क शहर के स्वास्थ्य विभाग ने घायलों की सूची जारी की है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, क्रोकस सिटी हॉल पर आतंकवादी हमले के बाद मॉस्को समयानुसार सुबह 2:00 बजे तक 80 लोगों को मॉस्को के अस्पतालों में ले जाया गया। विभाग ने अस्पताल में भर्ती लोगों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इस बीच, मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने अगले दो दिनों में राजधानी में सभी सामूहिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

चीन के विकास से विदेशी कंपनियों को मिले अवसर

बीजिंग। चीनी व्यापार संवर्द्धन संघ ने हाल में विदेशी कंपनियों के लिए क्षेत्रीय यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया। यूरोपीय संघ और मैक्सिको आदि कई देशों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि चीन के उच्च स्तरीय खुलेपन और उच्च गुणवत्ता वाले विकास से विभिन्न देशों के उद्यमों को विकास के नए अवसर मिले। वे चीन में निवेश बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

हाईनान मुक्त व्यापार बंदरगाह में बहुराष्ट्रीय कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघों के प्रतिनिधियों ने उच्च स्तरीय विनिर्माण, संस्कृति और पर्यटन आदि का अनुभव किया। उन्होंने चीन में विकास के नए अवसर देखे।

चीन-मैक्सिको चैंबर ऑफ कॉमर्स के उप कार्यकारी अध्यक्ष विक्टर कैडेना ने कहा कि हमने हाईनान मुक्त व्यापार बंदरगाह में प्रचलित उदार नीति और संचालन की स्थिति का पता लगाया। यहां व्यापार करने में हमें लाभ और अवसर मिलेंगे।

इटली चीन व्यापार संघ के उपाध्यक्ष विन्सेन्जो रफा ने कहा कि हमने चीन की बड़ी निहित शक्ति देखी। एआई आदि नए तकनीक से इटली की कंपनियों को नए अवसर दिए गए। हम चीन की उदार नीति को और अच्छे से समझेंगे और हाईनान में निवेश करेंगे।

चीन में यूरोपीय चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष क्लॉस जेंकेल ने कहा कि यूरोपीय कंपनियों का मानना है कि चीन बेहतर और अहम बाजार है। बहुत सारी कंपनियां इसमें शामिल होना चाहती हैं। यूरोपीय उद्यम चीन में पूंजी निवेश बढ़ाएंगे। बताया जाता है कि वर्तमान हाईनान यात्रा में यूरोपीय चैंबर ऑफ कॉमर्स, चीन-मैक्सिको चैंबर ऑफ कॉमर्स और 30 से अधिक विदेशी कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें 15 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां शामिल हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।